मध्यप्रदेश के पुरातत्त्व की रूपरेखा

डॉ. मो. गं. दीक्षित, पीएच. डी.
सागर विद्यापीठ

मध्यप्रदेश के पुरातत्त्व की रूपरेखा

लेखक
डॉ. मोरेश्वर गं. दीक्षित, Ph. D.
पुरातत्त्व–विभाग
सागर विश्वविद्यालय

शक १८७६] मूल्य छः रुपिया [इ. स. १९५४

निवेदन

मध्य प्रदेशीय पुरातत्त्व-विषयक पुस्तक में विषय-प्रवेश के लिये विपुल शब्दावली अनावश्यक है। कतिपय विगत वर्षों तक ऐसा समझा जाता था कि इस राज्य में कोई महत्त्वपूर्ण प्राचीन अवशेष नहीं हैं, परन्तु कुछ अंशों में इसका कारण पुरातत्त्व विभाग की यह वैमुखी नीति थी, जिसके द्वारा इस राज्य को दो पृथक् मण्डलों में विभक्त कर दिया गया था और जिनके केन्द्र एक दूसरे से बहुत दूर पटना एवं पूना में थे। हाल ही में सुविधाजनक एवं समीपस्थ केन्द्र भोपाल में एक नये मण्डल की स्थापना से यह कठिनाई अब दूर कर दी गई है। पिछले पश्चिमी और पूर्वीय मण्डलों के अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में अपने कर्तव्य-भार के साथ इस राज्य के पुरातत्त्वान्वेषण के समीचीन कार्य के लिये समय-लाघव रहता था। श्री कनिंघम के प्रारंभिक निरीक्षणों के उपरान्त कज़िन्स ने पूर्वकालीन अवशेषों की एक कार्यवाहक सूची बनाई। श्री राखलदास बानर्जी ने त्रिपुरी के हैहय राजाओं एवं उनके भग्नावशेषों पर एक खोज-विवरण प्रकाशित कर कल्चुरि-राजवंश के संबंध में बहुत कुछ काम किया, किन्तु उनका कार्य मुख्यतया रीवाँ-राज्य और मध्यप्रदेश की उत्तरी सीमाओं तक ही सीमित रहा। डॉ० भाण्डारकर ने छत्तीसगढ के कई शिलालेख सूचीबद्ध किये; परन्तु तब से पुरातत्त्व-सर्वे के अधिकारियों के द्वारा इस दिशा में कोई विशेष कार्य किया गया नहीं प्रतीत होता। इस प्रान्त के पुरातत्त्व के विषय में हमारा जो भी ज्ञान है, वह मुख्यतया उन विद्वानों के वैयक्तिक प्रयत्न-फल से है, जो अपने जन्म अथवा व्यवसाय के किसी रूप से इस क्षेत्र से संबंधित रहे हैं। इसमें अत्युक्ति नहीं है कि भूतपूर्व डिप्टी कमिश्नर डॉ० हीरालाल के प्राकार्यों ने बड़ी योग्यता से इस विषय का प्रकाश-दीप वहन किया। उन्होंने मध्यप्रान्त और बरार के लेखों की वर्णनात्मक सूची दो बार प्रकाशित की और तत्संबंधी ज़िला गॅज़ेटियरों में पुरातत्त्व के पूर्णांश को स्वयं लिखा। इस प्रशस्त विद्वान् ने मध्यप्रदेश के पुरातत्त्व के लिये बहुत अध्यवसाय से कार्य किया और जन गणना अधिकारी के रूप में जनता एवं इस सेवा का घनिष्ट ज्ञान होने के कारण उन्हें पुरातत्त्व की पृष्ठभूमि तथा सामान्य रूप-रेखा के ज्ञान में अधिक सहायता मिली। उनके कार्य की प्रत्येक सीढ़ी पर ऐसा प्रतीत होता है कि इस परिज्ञान-शाखा की अज्ञात छिन्न-शृंखला के विषय में उनसे अधिक और किसी को ज्ञात नहीं था। तथापि वे मुख्य रूप से इतिहासकार थे। प्रागैतिहासिक गवेषण के क्षेत्र में स्वर्गीय रायबहादुर मनोरंजन घोष तथा कर्नल डी० एच० गॉर्डन जैसे स्वच्छन्द गवेषकों को अधिक श्रेय प्राप्त है। विशेष रूप से श्रेय है कर्नल गॉर्डन को, जिन्होंने उन अनेक गुहाश्रयों में प्राप्त तथाकथित प्रागैतिहासिक चित्रों के समय को सुदृढ आधार पर निर्धारित करने में बहुत कार्य किया, जो बहुत पहले से ज्ञात थे। भारतीय पुरातत्व विभाग के वर्तमान प्रमुख संचालक श्री अमलानन्द घोष ने पचमढ़ी और उसके चतुर्दिक् नवीन कतिपय गुहाश्रयों की खोज करके बड़ी योग्यता से यह स्थिर किया कि इस कार्य का एक बहुत बड़ा क्षेत्र यहाँ पर है। स्वर्गीय डॉ० जायसवाल के प्रयत्न न्यूनाधिक उस उत्साही के समान रहे हैं; जिन्होंने विशेषतया गुप्त-वाकाटक काल के इतिहास की व्याख्या करने में अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन करने का अच्छा प्रयत्न किया। परन्तु दान-पत्रों और शिलालेखों जैसी मूल सामग्री के आधार पर महत्वपूर्ण विवरण प्रस्तुत करने का वास्तविक श्रेय महामहोपाध्याय प्रो० वा० वि० मिराशी को है। उन्होंने अबतक प्राप्त लगभग सभी वाकाटक लेखों का सम्पादन किया है। शीघ्र ही नागपुर के संग्रहालय के समक्ष सीरपुर के अल्प-स्थान संग्रहालय से अतिरिक्त रायपुर, बिलासपुर तथा यवतमाल के नये संग्रहालय प्रस्तुत हुए। परन्तु यह कहना आवश्यक है कि अधिकारियों के द्वारा प्रकाशित कार्य स्वच्छन्द गवेषकों के कार्य की अपेक्षा बहुत कम है। निस्सन्देह नागपुर संग्रहालय ने दो विवरण-पुस्तकें तथा राज्य में प्राप्त सिक्कों

के वार्षिक विवरण प्रकाशित कर इस कार्य का अच्छा श्रीगणेश किया। वार्षिक विवरण प्रकाशित करने की दृष्टि से नागपुर संग्रहालय देश में अब भी अग्रगण्य है। फिरभी न्यूनाधिक रूप में यह कार्य संग्रहालय में कार्य करने वाले अधिकारियों की योग्यता पर निर्भर करता है और संग्रहालय से संबंधित मुद्रा-विशेषज्ञ श्री सुवूर ने बहुत से विशेषतया मुस्लिम मुद्रा-शास्त्र से संबंध रखने वाले लेख प्रकाशित कर बहूमूल्य सेवायें की हैं। छत्तीसगढ़ में, जो अबतक उपेक्षित प्रान्त था, पं. लोचनप्रसाद पाण्डेय ने पथ-प्रदर्शक सेवायें की। उन्होंने समय समय पर बहुत से लेख, सिक्के, दान-पत्र एवं अन्य प्राप्त पुरातत्त्व-सामग्री प्रकाशित की और यह गर्व का विषय है कि अपनी अवस्था एवं सीमित कार्य-शक्ति पर भी वे यह कार्य कर रहे हैं। भारत-सरकार ने कलचुरि-चेदि सम्वत में अंकित बहुत से लेखों का एक संग्रह प्रकाशित करने की उपयोगिता का सुन्दर विचार किया है और इस के लिये प्राचीन लेखान्वेषक प्रो० मिराशी से अच्छा और किसी का भी चुनाव नहीं हो सकता, क्योंकि उन्होंने पहले ही भारतीय संस्कृति के विभिन्न अंगों विशेषतया उपलब्ध शिलालेखों एवं सिक्कों पर गवेषण-कार्य के प्रकाशन से बहुमूल्य सेवायें की हैं। यवतमाल के शारदाश्रम, छत्तीसगढ़-गौरव-समिति, मध्यप्रान्त-संशोधन-मण्डल एवं अन्य परिशोध-संस्थाओं के द्वारा बहुत उपयोगी कार्य हुआ है, यद्यपि इनका कार्य-क्षेत्र सीमित रहा है।

उनके प्रयत्नों के होते हुए भी, मध्यप्रदेश के पुरातत्त्व की वर्तमान स्थिति अद्यापि असन्तोषप्रद है। यद्यपि इस विषय की स्थूल रूपरेखा विदित है, तथापि कुछ ऐसी विस्तार की बातें हैं, जो परीक्षण और निरीक्षण की आवश्यकता रखती हैं। इसीलिये इस रेखाचित्र के उपस्थित करते हुए लेखक को जो कतिपय श्रृंखला कड़ियों की विश्रृंखलता, गत्यवरोध तथा पथगर्त्त प्राप्त हुए हैं, उनके लिये क्षमायाचना अनावश्यक है। पाठकों के सम्मुख इस पुस्तक को रखते समय मध्यप्रदेश की वर्तमान राजनैतिक सीमायें ही लेखक की दृष्टि में रही हैं, किन्तु प्राक्प्रकाशनों में इस बात के न होते हुए ऐसे कतिपय विवरणों के छूट जाने की संभावना है। मेरा उद्देश्य एक स्पष्ट चित्र के उपस्थित करने का है, जो ऐसी प्राप्त सामग्री के आधार पर उपस्थित किया जा सके, जिसपर सन्निवेश स्पष्टतया पुस्तकान्त में दिये गये विभाजन चित्रों और पुस्तक-सूची में किया गया है। समस्त प्रान्त के परिभ्रमण से अत्रोल्लिखित प्रत्येक वस्तु के यथेष्ट परिचय और पूर्ण प्रान्त के परिभ्रमण न कर सकने से मेरी ज्ञानोनता आश्चर्य का विषय नहीं। एतदर्थ और अन्य भूलों के लिये, जो इस छोटी पुस्तिका में आ गई हैं, मैं पाठकों से इस क्षेत्र में कार्य करने तथा अपने यथेष्ट निरीक्षण के द्वारा ऐसी त्रुटियों के दूर करने का आग्रह करता हूँ। वास्तव में इस पुस्तक को लिखने का उद्देश्य ही यही है। पुरातत्त्व की उन्नति यथासाध्य ऐसी ही सामग्री पर अवलम्बित है और यदि पाठकों को इस पुस्तक से पुरातत्त्व के क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा मिल सकी, तो मैं अपने परिश्रम को पुरस्कृत समझूँगा। इस पुस्तक का यही लक्ष्य है कि यह पुरातत्त्वान्वेषी को उपेक्षित सामग्री की ओर इंगित करे और इसी प्रकार हमारे ज्ञान का निश्चितीकरण, संशोधन एवं विकास संभव है। बड़े हर्ष की बात है कि मध्यप्रदेश की सरकार एवं विश्वविद्यालय दोनों ही इस समस्या की ओर विशेष ध्यान दे रहे हैं और उनकी दृष्टि में पुरातत्त्व विभाग केवल सजावट की वस्तु नहीं है।

इस पुस्तक के प्रकाशन में मुझे कई महानुभावों से सहायता मिली है। यह पुस्तक मूलतः अंग्रेजी में लिखी गई थी और यदि हिन्दी के लब्ध-प्रतिष्ठ विद्वान् डॉ० रामशंकर शुक्ल "रसाल" अपना अमूल्य समय देकर इसे सुन्दर हिन्दी में प्रस्तुत करने में सहायता न देते, तो इसे इतना आकर्षक एवं उपयोगी स्वरूप न प्राप्त हो पाता। मैं इस कृपा के लिये "रसाल" जी का हृदय से आभार मानता हूँ। पुरातत्त्व-विभाग के शोध-विद्यार्थी ने भी मेरे भार को बहुत हलका किया है। मैं सागर विश्वविद्यालय के उपकुलपति श्रद्धेय डॉ० त्रिपाठी जी का बहुत कृतज्ञ हूँ, जिन्होंने अपने गम्भीर दायित्व एवं अन्यान्य कार्यों में व्यस्त रहते हुए भी इस

पुस्तक के लिये प्रभावोत्पादक भूमिका लिखने की कृपा की है। मध्यप्रदेश में सर्व प्रथम पुरातत्त्व की दृष्टि से होनेवाले त्रिपुरी- उत्खनन--कार्य के जन्मदाता वे ही हैं और उन्हीं की प्रेरणा से सागर विश्वविद्यालय में पुरातत्त्व विभाग की स्थापना भी हुई है।

इस पुस्तक से संबंधित कई बातों के विषय में मुझे भारत सरकार के पुरातत्त्व-विभाग के वर्तमान महासंचालक श्री अमलानन्द घोष के साथ विचार–विनिमय करने का लाभ मिला है। भारत सरकार के पुरातत्त्व-विभाग के सौजन्य से इस पुस्तक के कई चित्र, जिनके ब्लॉक विभाग के अधिकार में हैं, प्रकाशित हो सके हैं। नागपुर संग्रहालय के उत्साही अधीक्षक डॉ० पटवर्धन ने वहाँ की सामग्री का उपयोग करने में मुझे सदैव सहायता दी, जिसके लिये मैं उन्हें एवं उसी संग्रहालय के अन्य अधिकारी श्री रोडे को धन्यवाद देता हूँ। सागर विश्वविद्यालय के डॉ० चिपलूनकर अपने भूगर्भ--शास्त्र के असाधारण ज्ञान के द्वारा मध्यप्रदेश के प्रागैतिहासिक पुरातत्त्व के विभिन्न तत्वों पर उचित परामर्श देने की सदैव कृपा करते रहे हैं। वे सागर के निकट देवरी नामक स्थान पर पूर्व--पाषाणकालीन सामग्री का परीक्षण करने में लेखक के साथ गये थे। सामान्य पाठकों की सुविधा का ध्यान रखकर तद्विषयक शास्त्रीय पक्ष, जिसमें हमारी अभिरुचि रही है, का समुचित उपयोग नहीं किया जा सका। महामहोपाध्याय वा. वि. मिराशी का मैं बहुत अनुगृहीत हूँ, जिन्होंने मुझे कई अप्रकाशित ताम्र--लेखों के संबंध में सूचनायें और सम्मतियाँ प्रदान कीं। इसीभाँति पं० लोचनप्रसाद पाण्डेय ने भी छत्तीसगढ़ संबंधी विवरण--प्रकाशन में मेरी बड़ी सहायता की है। अतएव मैं उनका एवं महाकोशल ऐतिहासिक--समिति का विशेष रूप से आभारी हूँ। उन्होंने 'आपिलक' का सिक्का तथा 'बालकेसरी' की मुद्रा प्रकाशित करने में मुझे सहायता दी है। "सुषमा" सम्पादक ने 'काटा' शिलालेख का ब्लॉक भेजकर तथा शारदाश्रम, यवतमाल के श्री डी. वी. महाजन ने उसे यहाँ प्रकाशित करने की अनुमति देकर मुझे उपकृत किया है। श्री. जी. एन. जोशी, पूना, डॉ० वाय. के. देशपाण्डे, डॉ. महेशचंद्र चौबे, जबलपुर, तथा भारत इतिहास संशोधक मण्डल, पूना ने भी इसीभाँति पट्टनगर ताम्र--लेख का ब्लॉक एवं कुछ अन्य ब्लॉक देने की कृपा की है। भारत सरकार के पुरातत्त्व विभाग तथा उपर्युक्त इन महानुभावों तथा संस्थाओं की सहायता के के विना इस अप्रकाशित सामग्री का उपयोग कर सकना मेरे लिये संभव न था। इस पुस्तक के प्रकाशनार्थ सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट बम्बई, के द्वारा पाँच सौ रुपये का पुरस्कार मिला है अतएव मैं उन्हीं ट्रस्ट, के संचालकों का अतीव ऋणी हूँ। सागर विश्वविद्यालय के द्वारा भी इसी प्रकार से समुचित आर्थिक सहाय्यता मुझे प्राप्त हुआी है। पूना से आनन्द मुद्रणालय के व्यवस्थापक श्री. यशवंतराव जोशी ने इस पुस्तक पर विशेष ध्यान देकर यह संस्करण मुद्रित किया है। अतएव मैं पुनः उनके सौजन्य का सधन्यवाद उल्लेख करना उचित समझता हूँ।

अंत में मेरे श्वशुर श्री. धों. सि. पेंडसे का मैं ऋणी हूँ, जिन्होने सागर से मुद्रणालय दूर होने के कारण एतत्संबंधित कार्य का भार बहुत हलका किया है।

पुरातत्त्व विभाग
सागर विश्वविद्यालय
१५ जून १९५४

मोरेश्वर गं. दीक्षित

भूमिका

मध्यप्रदेश के इतिहास और उसकी संस्कृतिपर अद्यावधि यथेष्ट प्रकाश न पड़ने के कारण हताश होकर कुछ लोगों ने यह धारणा बनाली कि ऐतिहासिक दृष्टि से उक्त प्रदेश का कोई महत्त्व नहीं है। भूगोल एवं मानव-शास्त्र के अनुसार मध्यप्रदेश भारत का कटिबन्ध है जहाँ उत्तर और दक्षिण तथा पूर्व-पश्चिम का सम्मीलन स्वाभाविक था। प्राचीन इतिहास की रश्मियां भी संकेत करती हैं कि मौर्य, शातवाहन, गुप्त-वाकाटक कालों में भी मध्यप्रदेश से लोग परिचित थे। उन युगों के चिह्न, सिक्के तथा अन्य अवशेष इतस्ततः इसकी साक्षी देते हैं। यहाँ के कलचुरि वंश ने भारतीय इतिहास में गण्यस्थान भी प्राप्त कर लिया था। इन संकेतों से यह अनुमान होना चाहिए था कि यहाँ की मिश्रित संस्कृति विशेषता एवं मनोरंजकता से विभूषित होंगी। फिर भी दुर्भाग्यवश उपर्युक्त धारणा दृढ़ सी हो गई। फलतः इस प्रदेश के इतिहास और सांस्कृतिक व्यवस्था की उपेक्षा होती रही। इसके अनेक कारण हो सकते हैं। जिनका प्राक् कथन में विचार करना शायद अनावश्यक और अवांच्छनीय होगा। तथापि दो एक बातों का उल्लेख करना उचित प्रतीत होता है। इस प्रदेश में जल की कमी तथा जंगलों की अधिकता से इसकी ओर किसी काल में भी किसी ने विशेष ध्यान न दिया। यद्यापि यदा कदा कोई विजेता किसी दिशासे यहाँ पदार्पण करता किन्तु अच्छी तरह आकर्षित करने का कोई विशेष विधान न होने के कारण वह सीमा-प्रान्तों से अधिक दूर जाने के लिए उत्साहित न होता था। यहाँ की खनिज सम्पत्ति तथा वनज पदार्थों से यथेष्ट लाभ उठाने के साधन उनको प्राप्त न थे। इसके सिवा यहाँ की जनता भी तितरी–वितरी और वैभवशून्य सी थी। यहाँ प्रायः किसी राज्य-वंश के पदच्युत अथवा निर्वासित राजकुमार आकर बस जाते और उन्हे जो कुछ मिल जाता उसी में संतुष्ट हो कर निर्वाह करते। विदेशिओं या प्रबल आक्रमणकारिओं से त्रस्त और पीड़ित होकर कुछ स्वातंत्रप्रिय प्रदेश की प्राकृतिक शक्ति की शरण लेते थे। प्रदेश के चारों ओर प्रबल एवं समृद्धिशाली राज्यों की स्थापना होने तथा यहाँ की आर्थिक शक्ति की क्षीणता के कारण कोई प्रबल एक-छत्र साम्राज्य यहाँ स्थापित न हो सका। समय समय पर इस पर सीमोत्तर के राज्य आक्रमण करते रहते थे। संभव है कि इन्हीं कारणों से यहाँ के आदिम निवासिओं का सामाजिक संगठन और उनकी संस्कृति अभीतक सुरक्षित रही। यद्यपि यहाँ छोटे बड़े अनेक राज्य बने बिगड़े किन्तु मध्यप्रदेश के सौभाग्य का इतिहास वस्तुतः आधुनिक काल से ही आरम्भ हुआ-सा प्रतीत होता है।

जो कुछ थोड़े बहुत ऐतिहासिक ज्ञान प्राप्त करने साधन हमको मिलते हैं वे भी ऐसे अस्तव्यस्त कष्ट साध्य हैं और दुर्लभ हैं कि विशेष प्रयत्न के बिना उन तक पहुँचना कठिन हैं। इस प्रदेश के शिक्षा–विधान में इतिहास की ऐसी अवज्ञा की गयी है जिसके कारण गंभीर इतिहासज्ञों की संख्या यहाँ बहुत कम है और न इतिहास के प्रति जनता का अनुराग जाग्रत हो सका।

स्वराज्य प्राप्त करने के पश्चात् हमारे आत्मीय शासकों का ध्यान इस ओर स्वाभाविकतया आकर्षित हुआ। श्री द्वारकाप्रसाद जी भूतपूर्व शिक्षा मंत्री तथा हमारे मुख्य मंत्री श्री रविशंकरजी शुक्ल के उत्साह, गुणग्राहकता, सक्रिय संरक्षता और सहायता से सागर विश्वविद्यालयने उस काम को, जो स्वर्गीय हीरालालजी, श्री लोचन प्रसादजा पाण्डेय और श्री. मिराशी जी व्यक्तिगत रूपेण करते थे, विधिवत् करने आयोजन प्रारम्भ किया है। एतदर्थ प्रदेश के शासन ने आर्थिक भार उठाने की कृपा की है। अन्वेषण कार्य अभी बाल्यावस्था में है किन्तु आशा है कि वह उत्तरोत्तर प्रौढ़ता प्राप्त करता जायगा। वार्षिक अन्वेषण का विवरण संक्षेप में प्रकाशित हो गया है। उसकी विशद सांगोपांग रिपोर्ट प्रादेशिक शासन छपाने जा रहा है। इन रिपोर्टों की

सामग्री से हमारे ज्ञान की तो अवश्य उन्नति हुई है किन्तु अभीतक मार्के वाली सनसनी उत्पन्न करनेवाली सामग्री हस्तगत न हो सकी। आशा है कि अनतिदूर काल में प्रदेश के प्राचीन इतिहास पर तीव्र प्रकाश पड़ने लगेगा।

प्रदेश के स्कूली शिक्षा क्रम में जबतक इतिहास विषय को यथेष्ट स्थान न दिया जायगा और शिक्षित जनता में इतिहास के लिये अनुराग उत्पन्न करने का प्रयत्न न किया जायगा तबतक योग्य गवेषकों और अन्वेषकों की चिन्त्य कमी रहेगी और अन्वेषण के कार्य में स्फूर्ति एवं प्रौढ़ता प्राप्त न हो सकेंगी। इन त्रुटियों की ओर शिक्षा विभाग को विशेष ध्यान देनेकी आवश्यकता है।

शासन और विश्वविद्यालय और कुछ विशेषज्ञ तो जो करते हैं या करेंगे उसको चलने दिजिए। आवश्यकता इस बात की भी है की हमारे प्रान्त की सामान्य जनता को इसका ज्ञान कराया जाय कि यहाँ की ऐतिहासिक सामग्री की क्या विभूति है। इसी उद्देश्य को रखकर हमारे योग्य सहयोगी डॉ. मोरेश्वर दीक्षित ने प्रस्तुत पुस्तक का प्रणयन किया है। जो मौलिक सामग्री इधर उधर पुरातत्त्वसंबंधी पुस्तकों, रिपोर्टों, पत्रिकाओं और लेखों में इतस्ततः बिखरी पड़ी थी और दुष्प्राप्य थी उसकी सूची आपने एक स्थान पर संग्रहीत कर दिया है। पूर्व-पाषाण कालसे कलचूरी राज्य काल तक की सामग्री विशेष रूपसे और मुसलमानी और मराठों के समय की साधारण रूपसे एकत्रित की गयी है। इस में प्रागैतिहासिक अवशिष्ट वस्तुओं, गुफाओं, शिलालेखों, ताम्रपटों, सिक्कों, मुद्राओं, देवालयों, दुर्गों आदि की तालिकाएँ समाविष्ट हैं। जो सज्जन अध्ययनशील हैं उनके लिए मौलिक साधनों की सूची दे दी गई है। स्थानाभाव के कारण संभवतः प्रत्येक उद्धरणों की विशिष्ट और पूरी सूची न दी जा सकी। यदि ऐसा संभव हो सकता तो पुस्तक की उपादेया बहुत बढ़ जाती और अध्ययन सरल एवं सुलभ हो जाता।

प्राप्त ऐतिहासिक सामग्री का संकलन युग अथवा काल के अनुसार किया गया है। पाठक जिस किसी काल, वंश या शाखा का अध्ययन करना चाहे तत्सम्बधी साधन उसे एक स्थान पर मिल जाय गा। मेरे सुझाव पर उन्होंने प्रत्येक जन-पद में प्राप्य सामग्री की सूची देने का निश्चय कर लिया। इस प्रकार की सूची से उत्साही पाठक अपने जनपद अथवा निवास स्थान के आसपास प्राप्त होनेवाली सामग्री की मौलिक जाँच कर सकेंगे जिससे उनके ज्ञान और रुचि की वृद्धि होती रहेंगी।

प्रस्तुत पुस्तक में अद्यावधि ज्ञात साधनों का संकलन हुआ है इससे यह न समझना चाहिए कि इसमें मध्यप्रदेशकी सभी ऐतिहासिक साधन आगये और कुछ शेष न रहा। बहूतसी सामग्री और साधनों की ओर संभवतः अभीतक अन्वेषकों का ध्यान आकर्षित न हुआ होंगा। यदि शिक्षित जन सतर्कतासे अन्वेषण करें तो बहूत से अद्यावधि अज्ञात साधनों का पता लग सकता है जिससे ऐतिहासिक शृंखला की खोई अथवा टूटी कडिया जोड़ी जा सकेंगी और इतिहासपर यथेष्ट प्रकाश पड़ सकेंगा। प्रदेशवासिओं का कर्तव्य है की वे इस कार्य में यथाशक्ति भाग लें और सहायतें दे जिससे उनको अपनी ऐतिहासिक विभूति और महत्त्व का स्फूर्तिदायक ज्ञान हो सके।

हिंदी भाषा और उपयोगी साहित्य के प्रेमिओं को प्रस्तुत का आदर करना और उससे लाभ उठाना चाहिए। आशा की जा सकती है कि सागर विश्वविद्यालय के तत्वावधान एवं अन्य योग्य और उत्साही अन्वेषकों के द्वारा जो नवीन सामग्री प्राप्त होगी उसका समावेश भावी संस्करण में हो सकेगा। विश्वविद्यालय अन्वेषण कार्य को आधिक पुष्ट और विस्तृत करने की व्यवस्था कर रहा है। वार्षिक रिपोर्टों में उनका संक्षिप्त विवरण प्रकाशित होता रहेगा।

इस पुस्तक का ध्येय साहित्य, भाषा–विज्ञान तथा आचार–विचार के अध्ययन से प्राप्त सामग्री को एकत्रित करना न था। यदि विद्वान अन्वेषक इस कार्य की पूर्ति करने का प्रयास करें तो वह परिश्रम स्तुत्य होगा। प्रस्तुत पुस्तके के ढंग की भारतीय भाषाओं में ही नहीं, युरुपीय भाषाओं में भी बहुत कम मिलेंगी। हिंदी साहित्य में तो यह अपने ढंग की अद्वितीय पुस्तक है। उसके प्रकाशन का गौरवपूर्ण श्रेय मध्यप्रदेश को प्राप्त हुआ है। संभव है कि अन्य प्रदेशों को इससे उत्साह प्राप्त हो और वहाँ भी इसी के प्रकाशनों का प्रबंध किया जाय। हिंदी साहित्य को डाक्टर श्री मोरेश्वर दीक्षित जी ने पुस्तकाकार जो यह उपहार दिया है उसके लिए वे धन्यवाद और बधाई के आदरणीय पात्र हैं। आशा है हिंदी संसार और विशेषतः मध्यप्रदेश की संस्थाएँ और जनता इस देन का यथोचित सन्मान करेंगे और उससे लाभ उठाएँगें।

सागर विश्वविद्यालय
३०–७–५४

रामप्रसाद त्रिपाठी
उपकुलपति, सागर विश्वविद्यालय

मेरे सन्मित्र

श्री. प्रभाकर वि. पाटणकर को

जिनके

जीवन धारा से मेरा जीवन प्रभावित

हुआ है ।

अनुक्रमणिका

चित्रों की सूची

चित्रफलक

मध्यप्रदेश
स्केल
० ३२ ६४ ९६
मील
सागर
जबलपूर
नरसिंहपूर
होशंगाबाद
मंडला
सिरगुजा
बिलासपूर
मैकल
अमरकंटक
विंध्य
छिंदवाडा
बेतूल
नेमाड
बालाघाट
नागपूर
भंडारा
रायपूर
द्रुग
अमरावती
वर्धा
बुलढाणा
अकोला
यवतमाळ
चांदा
बस्तर
७७°·०
७८°·०
७९°·०
८०°·०
८१°·०
८२°·०
८३°·०
८४°·०
२४°·०
२३°·०
२२°·०
२१°·०
२०°·०
१९°·०
१८°·०
७६°·०

मध्यप्रदेश के पुरातत्त्व की रूपरेखा

(१) इतिहासपूर्व काल

पूर्व–पाषाण–कालीन संस्कृतियाँ
(Palæolithic Cultures)

मध्य प्रदेश के पुरातत्त्व का आरम्भ प्रागैतिहासिक तथा पृथ्वी पर मानवाविर्भाव-काल से मानना चाहिये। यह तो सर्वविदित है कि अपनी आदिम अवस्था में मनुष्य और असभ्य वन्य-जन में कुछ अधिक अन्तर न था। वह परिभ्रमणशील जीवन व्यतीत करता था। वह वन्य पशुओं के आखेट अथवा कन्द-मूलादि खाकर ही अपने जीवन का निर्वाह करता हुआ प्रायः नदियों की घाटियों में प्राकृतिक रूप से आश्रय ग्रहण करता था। उसका परिभ्रमण-जीवन अधिकांशतः प्राकृतिक स्थिति एवं भोजन की संप्राप्ति पर ही निर्भर था। मूलादि के खोदने और वन्य पशुओं के मारने के लिये वह स्थानीय पत्थरों से ऐसे भद्दे हथियार बनाता था, जिनका निर्माण नदियों में प्राप्त पत्थरों के टुकड़े कर, उन्हें उपयुक्त आकृति देकर किया जाता था। ऐसे अस्त्र लकड़ी के बेंटवाले या विना बेंट के रहते थे। आदिम व्यक्ति के अस्तित्व–ज्ञान के लिये नर-कंकाल तो साम्प्रत प्राप्त नहीं हो सके हैं किन्तु कुछ भग्न अस्थि-पंजर ही मिले हैं। उसके अस्तित्व का ज्ञान विभिन्न स्थानों में मिलनेवाले अधिकांश पत्थरों के उन भद्दे हथियारों से ही होता है, जिन्हें वह स्थानान्तर करता हुआ वहाँ छोड़ दिया करता था।

इन हथियारों की बनावट के आधार पर प्रागैतिहासिक काल के मनुष्य की प्रारम्भिक खाद्यपदार्थार्जन की अवस्था को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है।

(१) पूर्व–पाषाण–काल (Old Stone Age)
(२) उत्तर–पाषाण- काल (New Stone Age)

अब यह सोचना स्वाभाविक ही है कि मनुष्य के विकास की इन विभिन्न स्थितियों के बीच बहुत समय का व्यवधान रहा होगा। लगभग डेढ़ लाख वर्ष पूर्व पृथ्वी पर मनुष्य के अवतारित होने से पंद्रह हजार वर्षों के पश्चात् उसके अस्त्र–निर्माण करने का अनुमान किया जाता है।

पूर्व–पाषाण–काल के हथियार, जो 'प्राचीन पाषाणयुगीनास्त्र' (Palæolithic Implement) कहलाते हैं, यों तो भारत के अन्य विभिन्न भागों में बिखरे हुए मिलते ही हैं। किन्तु इस मध्यप्रदेश में केवल कुछ ही स्थान ऐसे हैं, जहाँ ये उपलब्ध हुए हैं।

इस युग का विशेष हथियार, जिसे बिना बेंट या लकड़ी के बेंट के साथ प्रयुक्त किया जाता था, हाथ की कुल्हाड़ी (Hand axe) था। इसे एक पत्थर के टुकड़े को नुकीला कर बनाया जाता था। इसके अतिरिक्त चर्मकर्षकास्त्र (Scrapers), करावातक-हथौड़ा (Bouchers) और अवशिष्ट अनुपयुक्त प्रस्तरांश भी, (cores) जो प्रस्तरास्त्र–सूचक हैं, प्राप्त हुए हैं। इन हथियारों के नाम उन स्थानों के नामों पर पड़े हैं, जहाँ वे सर्व प्रथम प्राप्त हुए हैं और इन्हीं से उनकी समानता का बोध होता है।

पूर्व--पाषाण-काल के मनुष्य का अधिकांश जीवन, उन परिस्थितियों पर निर्भर था, जिनमें वह रहता था। अतएव उसके हथियार अब बहुधा प्राचीन एवं प्रसिद्ध नदियों की घाटियों में मिलते हैं। खोज की दृष्टि से मध्यप्रदेश की सभी नदियों का पर्यवेक्षण भली भाँति नहीं किया गया। विगत शताब्दि में यद्यपि भारत सरकार के भू-गर्भ-परिशोध-विभाग के अधिकारियों के कुछ द्वारा इस दिशा में कुछ कार्य तो किया गया है, तथापि यह उनका प्रधान उद्देश्य इस दृष्टि से खोज करना न था। इस भाँति उनके द्वारा लिखे गये विवरणों में जहाँ-कहीं कुछ उल्लेख इस सम्बंध मे मिलते हैं और इस युग की जो भी बातें हमें विदित होती हैं, वे उन्हीं की खोजों के फलस्वरूप हैं।

इस प्रदेश की सबसे प्राचीन नदी नर्मदा से बहुत सी पूर्व-पाषाण-कालीन कर-संचालित कुल्हाड़ियाँ (Hand axes) सन् १८७३ ई० में नरसिंहपुर के निकट भुतरा नामक ग्राम में प्राणियों की हड्डियों के सहित पायी गयी हैं। ऐसी कुल्हाड़ियाँ नर्मदा की घाटी के उत्तर में देवरी, सुखचाई नाला, बुरधना, केडलारी, बरखुरा, संग्रामपुर के पठार पर तथा दमोह के समीप भी पायी गयी हैं। सन् १९३२ ई० में येल-कैम्ब्रिज-अभियान के द्वारा ऐसे हथियारों के संग्रह तथा भूमि-स्तरों के अध्ययन करने का विशेष प्रयत्न किया गया था। होशंगाबाद और नरसिंहपुर के बीच में कार्य करते समय उन्हें बहुत से हथियार अपने मूल-स्थानों पर मिले थे। बनारस-हिन्दु-विश्वविद्यालय की ओर से श्री मनोहरलाल मिश्र ने भी होशंगाबाद के निकट ऐसे कुछ नमूनों का संग्रह किया था। तदुपरान्त सागर-विश्वविद्यालय के द्वारा सन् १९५३ ई० में देवरी नामक ग्राम के समीपवर्ती कुछ क्षेत्र में भी खोज की गयी है।

विदर्भ में वैनगंगा और वर्धा नदी की घाटियों के कुछ स्थानों पर पूर्व-पाषाण-कालीन कुछ हथियार प्राप्त हुए हैं। इन स्थानों में से चाँदा जिले के कुछ ग्राम तथा यवतमाळ जिले के खैर, परसोरा तथा ढोकी जैसे ग्रामों के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं।

रायगढ़ के निकट सिंघणपुर के चित्रित गह्वरों में खोज करते समय रायबहादुर श्री० मनोरंजन घोष को भी ऐसीही पाँच कुल्हाड़ियाँ प्राप्त हुई थी। नागपुर-संग्रहालय में नागपुर के निकटस्थ कळमेश्वर और भंडारा के ज़िलो में नवेगांव से प्राप्त हुए दो हथियार सुरक्षित हैं।

ये केवल कुछ ही उदाहरण हैं। इन उक्त स्थानोंके अतिरिक्त अन्यस्थानों में भी गवेषण-कार्य की आवश्यकता है। विशेषतया इस विचार से कि हमें, हमारे सबसे प्राचीन उन पूर्वजों के सांस्कृतिक जीवन का अध्ययनावसर प्राप्त हो सके, जो पूर्व-पाषाण-कालीन संसार में रहते थे।

उत्तर-पाषाण-कालीन संस्कृतियाँ
(Neolithic Culture)

पशु-पालन तथा कृषि-विधान आदि का यथेष्ट ज्ञान होते ही पूर्व-पाषाण-कालीन आदिम मानव पहिले की अपेक्षा अब कुछ समय के लिये किसी एक ही स्थान पर स्थिर सा होकर जीवन-यापन तो करने लगा था। किन्तु वह विशेष रूप में अधिक समय के लिये किसी एक ही स्थान पर अपना स्थायी निवास न बना सका, क्योंकि उसे यह प्रतीत हुआ कि उसकी कृषि-भूमि कियत्कालोपरान्त कृषि के लिये पूर्ववत् उपयोगी नहीं रही। इसी के साथ यह भी स्मरणीय है कि अब उसे अपने कृषि आदि के कार्य में किसी सहयोगी अथवा सहायक की भी आवश्यकता प्रतीत हुई। फल यह हुआ कि उसे अपने सहयोगी के साथ एक स्थानपर स्थायीसा होकर रहना अधिक उपयुक्त प्रतीत हुआ। यही मानव के समाज-संगठन और सामाजिक जीवन का श्रीगणेश कहा जा सकता है। ऐसी स्थिति में इस युग के हथियार भली भाँति तराशकर पालिश किये गये हथियार हो गये थे और एतत्पूर्वकालीन

हथियारों के समान तोड़-फोड़कर न बनाये गये थे। इन नये हथियारोंकी आकृतियाँ पहिके हथियरोंकी आकृतियों की अपेक्षा अधिक पूर्ण और रुचिर-रोचक थीं।

वस्तुतः उत्तर-पाषाण-काल के हथियार मध्यप्रदेश में तो अत्यल्प संख्या में प्राप्त हुए हैं, किन्तु यहाँ के उत्तरीय सीमान्त स्थानों, मिर्जापुर की घाटी तथा बाँदा ज़िले में अधिक प्राप्त होते हैं। श्री मनोहरलाल मिश्र ने होशंगाबाद से उत्तर-पाषाण-कालीन हथियारों (Celts) के प्राप्त होने का उल्लेख किया है और भारत-सरकार के भू-गर्भ-परिशोध-विभाग के संग्रहालय में भी कुछ ऐसे हथियार सुरक्षित हैं। इनमें से अधिकांश हट्टा तहसील, सागर के निकटवर्ती गढ़ी मोरिला, बहुतराई, सिहोरा, दमोह, कुण्डम और कटनी के समीप बुरचेंका नामक स्थानों में प्राप्त हुए हैं। नांदगांव में अर्जुनी के पास 'बोन' टीला से एक छेद किया हुआ पत्थर का कराघातक हथौड़ा (Perforated Hammer stone) प्राप्त हुआ है, जो उत्तर-पाषाण-युग का विशेष हथियार माना जाता है। ये हथियार ईसा के पूर्व की कुछ शताब्दियों के माने जा सकते हैं। अनुमानतः ईसा से कम से कम ५००० वर्ष से भी और पहिले के हो सकते हैं। अद्यापि मध्यप्रदेश में उत्तर-पाषाण-काल पर बहुत कम कार्य किया गया है।

लघु-पाषाणास्त्र

(Microlithic tools)

उत्तर-पाषाण-युग में तत्कालीन मानव के द्वारा प्रयुक्त विविधाकार के बहुसंख्यक हथियारों से उनकी नव रचना-शैलियों का परिचय मिलता है। ये अस्त्र अत्यल्पाकार हैं। चाकू के फल के आकार वाले लंबे अस्त्र (Long blades), वाण-फलक (Arrow-heads) और छेद करने के अस्त्र या छिद्रास्त्र (Burins) इत्यादि हथियार स्थानीय पत्थर जैसे अकीक (Agate), गोमेद (Carnelian), गार (Quartz) और दूसरे सफ़ेद पत्थरों (Chalcedony) से बनाये जाते थे। इन हथियारों के संबंध में यह एक विशेष बात है कि वे उन सभी स्थानों में, जहाँ उनका कार्य अथवा प्रयोग होता था, अधिक संख्या में उपलब्ध होते हैं।

मध्यप्रदेश में इस काल की संस्कृति का सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण स्थान जबलपुर के निकट 'बड़ा शिमला' नाम की पहाड़ी है। भेड़ाघाट और नर्मदा की के घाटी बहुत से नवीन टीलों में, जो सख्त काली मिट्टी (Regur) से बने हुए हैं, ऐसे अल्पास्त्र मिलते हैं। त्रिपुरी के उत्खनन-कार्य म भी बहुत से नमूने प्राप्त हुए हैं। ये पाषाणास्त्र पचमढ़ी के समीपस्थ प्रायः सभी चित्रित गह्वरों में मिलते हैं। कई स्थानों में तो ये बहुत सुंदर ढंग से चित्रित किये गये मृत्पात्रों के साथ उपलब्ध होते हैं। पचमढ़ी की 'डॉरॉथीं डीप' नाम की गुफा मे इन अल्पास्त्रों के साथ एक अस्थि-पंजर भी प्राप्त हुआ था। बहुत से खर्व धारवाले ऐसे हथियार (Pigmy Flakes) जिनका उल्लेख कई लेखकों ने पहले किया है, वास्तव में ऐसे सूक्ष्म-पाषाणास्त्र हैं जिनका महत्त्व उस समय विदित न हो सका था।

अन्यत्र उचित पर्यवेक्षण के अभाव में केवल मध्यप्रदेश के उत्तरीय ज़िलों म ही उनका पता चल पाया है। अभी तक उनके विषय में कोई भी विशेष उल्लेख विदर्भ में नहीं मिला है।

मैसूर राज्यगत ब्रह्मगिरि की खोदाइयों से यह प्रकट होता है कि इन अल्पास्त्रों का उपयोग ईसवी सम्वत् के आरम्भ तक होता रहा था, किन्तु इनके काल का निश्चित् रूपसे निर्णय नहीं किया जा सकता।

चित्रित–गह्वर

(Rock Shelters with Paintings)

मध्य प्रदेश में विन्ध्याद्रि–चट्टाने छोटी छोटी गुफाओं के बनाने के लिये अधिक उपयुक्त हैं। प्रागैतिहासिक काल में, आदिम मनुष्य स्वभावतः ऐसी ही गुफाओं में आश्रय ग्रहण करता था। वह कभी कभी तो प्राकृतिक गह्वरों में और कभी कभी खोदकर बनायी हुई गुफाओं में आश्रय ग्रहण किया करता था और बहुधा कुछ कार्य न होने पर अपने अवकाश-काल के यापनार्थ वह अपनी टिकाश्रयभूता गुफाओं में कभी तो अपने देखे हुए प्राकृतिक दृश्यों और कभी मृगयाखेटादि के चित्र चित्रित करता था। मध्य प्रदेश में ऐसी बहुत सी गुफाएँ मिलती हैं, जो पुरातत्त्व के विद्यार्थी के अध्ययन और अनुशीलन के लिये विशेष महत्त्वपूर्ण हैं।

इस प्रकार की बहुत सी गुफाएँ पचमढ़ी स्थान के निकट हैं। इन गुफाओं में से लगभग चालीस गुफायें तो ऐसी हैं जो विविध प्रकार के चित्रों से सुसज्जित हैं और यह प्रकट करती हैं कि वे प्राचीन काल में मानवाश्रय की रम्य स्थलियों थीं। ऐसी एक गुफा होशंगाबाद में है, जिसमें तथाकथित 'जिराफ' का एक चित्र है। पचमढ़ी के तीस या चालीस मील के घेरे में तामिया, सोनभद्र, झलई आदि ग्रामों के निकट ऐसे कई गह्वराश्रय हैं। इन सब के अतिरिक्त जो गुफायें प्राचीनतम हैं, वे रायगढ़ के निकट कावरा पहाड़ तथा सिंवणपुर के नाम से प्रसिद्ध हैं। हट्टा नामक ग्राम के निकट फतेहपुर स्थान में भी कुछ चट्टानों पर कुछ चित्र मिलते हैं।

इन गुहाश्रयों के निर्माण समय के संबंध में मतान्तर है और अब तक इनका कोई भी समय निश्चित रूप से निर्धारित नहीं किया जा सका। अनुमानतः कह सकते हैं कि वे सम्भवतः उत्तर-पाषाण काल की भी नहीं हैं, तब उससे पूर्व की कोई चर्चा ही क्या है!

इन गुफाओं के जो विवरण श्री मनोरंजन घोष तथा कर्नल गॉर्डन ने दिये हैं, वे महत्त्वपूर्ण हैं। श्री. गॉर्डनने उनके काल-निर्धारण के संबंध में बहुत उपयोगी कार्य किया है। महती आवश्यकता न केवल इन गुहाश्रयों के विवरण देने की है, वरन् पूरे अनुसंधान के पश्चात् इनके सर्वांगपूर्ण सचित्र वर्णन की है।

बृहत्पाषाण–कालीन–शव–स्थान

(Megalithic Remains)

भारतीय पुरातत्त्वानुशीलन में बृहत्पाषाण-कालीन-शव-स्थान बहुत बड़ी विशेषता रखते हैं। इन शव-स्थानों में प्रायः लौह और ब्रांजके[१] अस्त्र प्राप्त होते हैं, जिससे यह अनुमान होता है कि ये शव-स्थान लौह और ताम्रयुग के हैं। इन शव-स्थानों में कतिपय ऐसे शव स्थान हैं, जो विशालकाय चट्टानों के द्वारा बृहदावास के रूप में निर्मित किये गये थे। इन आवासों की रचना करते हुए चतुर्दिक् दीवालों के स्थान पर विशाल प्रस्तर-खण्ड खड़े किये जाते थे और उन पर छत के रूप में एक बृहत्प्रस्तर रक्खा जाता था। ऐसे आवास के भीतर प्रायः एक दीवाल में बनाये गये एक छिद्र से विशेष संस्कार सामग्री के साथ सुरक्षित रूप से शव–स्थापन कराया जाता था। यह शव काष्ठ-निर्मित टट्टी के ऊपर रखा जाता था, जिसका आकार बहुधा आयताकार चौकी का सा होता था। इसके निकट कतिपय मृत्पात्र, लौहास्त्र तथा अन्य प्रेत–प्रणति की वस्तुएँ रक्खी जाती थीं। यह मृतकावास साधारणतया अनेक प्रस्तर-खण्डों से वृत्ताकार बना दिया जाता था और फिर

---

१ ब्रांज एक वह मिश्रित धातु है जिसमें ताम्र, लौह तथा टीन आदि धातुयें सम्मिलित होती हैं।

इस सम्पूर्ण स्थान को मिट्टी से पूर्णतया ढँक देते थे। यह भी यहाँ उल्लेखनीय है कि प्रस्तर-निर्मित ऐसे शवावास में प्रस्तर-संयोजन-विधान प्रायः स्वस्तिकाकार ही रहता था, यद्यपि कतिपय पुरातत्त्ववेत्ता इससे सहमत नहीं भी हैं। ऐसे वृत्ताकार शव-स्थान दक्षिणीय भारत, विशेषतया मद्रास राज्य में काफी बड़ी संख्या में उपलब्ध होते हैं। ऐसे शव-स्थानों की श्रृंखला परम्परा रूपसे भारत में काश्मीर प्रान्त तक प्राप्त होती है। अनुमानतः इस परम्परा का प्रादुर्भाव कदाचित् दक्षिण भारत में हुआ था और वहाँ से फिर यह प्रथा उत्तर भारत की ओर प्रसरित हुई थी। मध्य प्रदेश में इस प्रकार के जो शव-स्थान मिलते हैं, वे इस श्रृंखला के उदाहरण हो सकते हैं। बस्तर राज्यान्तर्गत तथाकथित आदिवासियों में अद्यापि इस बृहत्पाषाणकालीन शव-स्थापन-प्रथा का न्यूनधिक रूप में प्रचार पाया जाता है। यद्यपि वे संभवतः इसके मूलस्वरूप को विस्मृत ही सा कर चुके हैं।

हैदराबाद राज्यगत कृष्णा-तुंगभद्रा के अन्तर्वेद में बृहत्पाषाणकालीन कुछ ऐसे ही शव स्थान प्राप्त होते हैं। इसी प्रकार चाँदा, दुग, सिवनी और भंडारा के जिलों में भी ऐसे ही विस्मयावह शव-स्थान वहाँ के विस्तृत भू-भाग में सम्प्राप्त होते हैं। खेद है कि इनकी गवेषणा अद्यावधि सन्तोषजनक रूप से नहीं हो सकी। यहाँ तक कि सामान्य दृष्टि से उनका धरातलीय निरीक्षण भी अद्यावधि नहीं किया जा सका है।

नागपुर जिले में ऐसे अठारह स्थान हैं, जिनमें जुनापाणी, कामठी, उबाली, टाकलघाट और बाठोरा के शव-स्थान सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण हैं। दिग्रस और उबाली के बृहत्प्रास्तरिक शव-स्थानों के क्षेत्र कई एकड़ भूमि तक फैले हुए हैं। चाँदा में इनके मुख्य समूह चार्मुसी और वागनाक नामक ग्रामों में प्रात होते हैं तथा भंडारा ज़िले में ऐसे कुछ मृतकावास-वृन्द पिंपलगाँव, तिलोता, खैरी और बम्ह में भी हैं। इन मृतकावासों के विस्तृत क्षेत्र की उत्तरी सीमा कैमूर पहाडियों के नीचे सिवनी में सरेखा के प्रस्तर-वृत्तों से बनती हैं। दुग ज़िले के क्षेत्रों की तो अभी तक पूरी जाँच ही नहीं हो सकी है।

केवल कुछ ऐसे प्रस्तर-वृत्तों के उत्खनन का विवरण साधारण दृष्टि से प्राप्त होता है, जिसमें कुछ मेजर पिअर्स और हिस्लॉप ने खोदे थे।

ब्रह्मगिरि में सन् १९४५ में पुरातत्त्व-विभाग के द्वारा किये गये वैज्ञानिक उत्खनन-कार्य ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बृहत्पाषाण कालीन अवशेषों की यह परम्परा ऐतिहासिक काल में भी चलती रही।

मध्य-प्रदेश में पुरातत्त्वान्वेषण का यह एक नितान्त नवीन कार्य-क्षेत्र है, क्योंकि यहाँ अभी तक इस ओर कोई भी सुव्यवस्थित कार्य सुचारु रूपसे नहीं हुआ है। इसलिये इस कार्य की ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

ताम्रास्त्र

(Copper Implements)

गंगा की घाटी के बहुत से स्थानों में ताँबे के ऐसे हथियार उपलब्ध हुए हैं, जिनका उपयोग स्पष्टतया मनुष्य अपनी सभ्य अवस्था में करता रहा होगा। बालाघाट में गुँगेरिया नामक स्थान से उपलब्ध ४२४ हथियारों का एक संचय इस विषय में उल्लेखनीय है। यह ग्राम दक्षिण में ताम्रास्त्र-संस्कृति के सीमान्त स्थानों में से एक प्रमुख स्थान है। इन हथियारों में ताँबे की विविध आकृतियों वाली सपाट कुल्हाड़ियाँ (Flat celts) सब्बल (bar-celts), तथा चाँदी से बनी हुई अन्य ऐसी वस्तुयें, जिनके उपयोग के विषय में निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता, मुख्यतया उल्लेखनीय हैं।

इसी प्रकार की एक कुल्हाड़ी के जबलपुर के निकट प्राप्त होने का भी उल्लेख किया गया है।

(२) मौर्य-काल

मध्य-प्रदेश में इतिहास का प्रारम्भ वस्तुतः मौर्य-काल से माना जा सकता है, जिसका समय ४०० ईस के पूर्व से लेकर २०० ईसा-पूर्व तक है। इस प्रान्त में मौर्य-कालीन कुछ शिला-लेख और सिक्के प्राप्त हुए हैं जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि इस राज्य में ऐसी अन्य ऐतिहासिक सामग्री पर्याप्त रूप से अन्वेषित हो सकती हैं। इस राज्य में मौर्य-कालीन इतिहासान्वेषण का पुष्कल क्षेत्र तो है किन्तु अद्यावधि यहाँ एतत्संबंधी केवल किंचित् कार्य ही हुआ है। संभव है कि भारतीय मौर्य-कालीन इतिहास की कतिपय अनुपलब्ध श्रृंखला कड़ियाँ प्राप्त भी हो सकें। इसलिये यहाँ गवेषण-कार्य की महती आवश्यकता है।

भारत के महान् सम्राट् अशोक के गौणधार्मिक-शिला-लेख (Minor-Rock Edicts) जबलपुर से तीस मील की दूरीपर रूपनाथ नामक स्थान में अद्यापि अवशिष्ट है, जो संभवतः उसके शासन के अन्तिम समय में उत्कीर्ण हुये थे। इन शिला-लेखों का समय २३२ ईसा से पूर्व माना जा सकता है। तत्कालीन एक अन्य लेख चाँदा ज़िले में देवटेक नामक स्थान से प्राप्त हुआ था, जो लगभग तीन सौ वर्ष ईसा से पूर्व काल में प्रचलित अक्षरों में अंकित हैं। त्रिपुरी नामक स्थान के उत्खनन में उत्तरीय चिकणासित मृत्पात्रों(Northern Black Polished Ware) तथा आहत मुद्राओं से समन्वित मौर्य-कालीन भू-स्तर इतने मोटे हैं कि उनके आकार-प्रकार के निरीक्षण से मौर्य-कालीन मनुष्यों के सुव्यवस्थित जीवन का अनुमान किया जा सकता है। यह अवश्यमेव ठीक है कि त्रिपुरी स्थान में तत्कालीन भवन-भग्नावशेष तो नहीं मिलते। किन्तु उनके स्थानों पर मृत्तिका-राशि ऐसी मिलती हैं जिससे अनुमान किया जाता है कि वे भवन संभवतः कच्ची ईंटों से बने रहे होंगे। सरगुजा राज्यगत रामगढ़ नामक पहाड़ी की गुफाओं में अशोक कालीन रंग-रंजित और उत्कीर्ण दोनों प्रकार के लेख प्राप्त हुए हैं। चूँकि दक्षिण भारत में अशोक के कतिपय शिला-लेख अद्यावधि प्रस्तुत है, इसलिये इसके मानने में कोई विशेष आपत्ति नहीं हो सकती कि समस्त मध्य-प्रदेश निश्चय ही मौर्य-साम्राज्य के अन्तर्गत था। इसी प्रान्त को पार करके सम्राट अशोक ने अपने शिला-लेख दक्षिण-भारत में खड़े किये थे। अन्य स्वतंत्र शासक-शासित मध्यप्रदेश से अशोक का दक्षिण-भारत में जाना स्वाभाविक नहीं प्रतीत होता। यह भी संभव है कि मध्य प्रदेश किसी अन्य शासक से शासित रहा हो और वह शासक सम्राट अशोक का आश्रित राजा रहा हो अथवा मध्य प्रान्त उसके साम्राज्य का एक भाग विशेष ही रहा हो। मध्य प्रदेश के यह भग्नावशेष ऐसे बिखरे हुए मिलते हैं कि वे एक दूसरे से बहुत दूर दूर हैं। इस प्रकार वे विश्रृंखल होते हुए असंबद्ध से प्रतीत होते हैं। यद्यपि यहाँ मौर्य-कालीन अन्य उपयोगी शिला-लेखों के प्राप्त होने की बहुत अधिक आशा तो नहीं है, तथापि उन उत्तरीय चिकणासित मृत्पात्रों के समन्वेषण से, जो विशेषतया मौर्य-काल-निर्मित हैं, कदाचित् यह सिद्ध हो सकेगा कि उक्त बिखरे हुए शिला लेख वस्तुतः असंबद्ध न होकर परस्पर संबंध रखते हैं। इसलिये इन शिला-लेखों के आधार पर ऐतिहासिक भग्नश्रृंखला को संयुक्त करने की अतीव आवश्यकता है।

प्राचीन गण-राज्य की मुद्राएँ

सम्राट अशोक के कुछ ही समय के पश्चात् मध्य-प्रदेश में स्वतंत्र गण-राज्यों का आविर्भाव होता हुआ दिखायी देता है। ऐसे नगर-राज्यों में से एक एरण (प्राचीन ऐरिकिण) नामक राज्य भी था और उसके अपने सिक्के भी प्रचलित थे। एरण में धर्मपाल के नाम से अंकित सिक्के भी मिलते हैं। ऐसी दशा में यह अनुमान करना सर्वथा समुचित है कि वहाँ का राज्य-पाल संभवतः धर्मपाल रहा होगा और उसके पश्चात् ही ऐरिकिण का गण-राज्य स्थापित हो गया होगा।

धर्मपाल का यह सिक्का भारत का सबसे प्राचीन उत्कीर्ण सिक्का है। त्रिपुरी नामक स्थान में प्राप्त हुए सिक्कों से यह ज्ञात होता है कि यहाँ एक अन्य नगर-राज्य का विकास हुआ था, क्योंकि इन सिक्कों पर चिह्नों के सहित केवल 'तिपुरी' ही अंकित है। ये सिक्के कदाचित् स्थानीय व्यवहार के ही लिये मुद्रित किये गये थे। इनमें से कुछ सिक्के नर्मदा नदी के तटस्थ होशंगाबाद नामक स्थान तक प्रचलित होते हुए प्रतीत होते हैं।

केवल कुछ ही समय पूर्व होशंगाबाद ज़िले के जमुनियाँ नामक स्थान में जो सिक्के मिले हैं, उनसे यह पता चलता है कि "भागिला" नामक एक अन्य राज्य भी उपर्युक्त नगर-राज्य सा था। अनुमानतः यह नगर-राज्य लगभग दो सौ वर्ष तक स्थित रहा। नगर-राज्यों की यह परिपाटी मौर्य-युग में प्रायः सर्वत्र ही मिलती है, क्योंकि भारत के अन्य भागों में स्थित उज्जयिनी, उदेहिक, कौशाम्बी, वाराणसी, माहिष्मती आदि कतिपय नगरों के नामों वाले सिक्के भी प्राप्त हुए हैं।

आहत मुद्राएँ

(Punch-Marked Coins)

आहत-मुद्रा-प्रथा सब प्रकार के भारतीय सिक्कों की प्रथाओं में सबसे प्राचीन हैं। ये सिक्के चाँदी अथवा ताँबे के टुकड़ों से वर्गाकार या वृत्ताकार बनाये जाते थे और इन पर एक ओर तो अनिश्चित क्रम से पाँच चिह्न और दूसरी ओर कभी एक अथवा एक से अधिक भी चिह्न अंकित किये जाते थे। कभी-कभी एक चिह्न दूसरे चिह्न के ऊपर अथवा उसके इतने निकट अंकित किया जाता था कि दोनों चिह्न मिलकर अस्पष्ट से ही हो जाते थे। यदि चिह्न कुछ ऐसे हुए कि एक दूसरे को आच्छादित न कर सके तो स्पष्ट भी रहते थे। कभी-कभी चिह्न सिक्के के किनारे पर ऐसा लग जाता था कि उसका एक अंशमात्र ही अंकित हो पाता था। बहुधा ऐसे सिक्के कुछ घिसे हुए भी मिलते हैं। ऐसी अवस्था में चिह्नांकन-विधान पर कुछ निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता।

ये सिक्के सामान्यतया लगभग पाँच सौ वर्ष ईसा के पूर्व से लेकर लगभग ईसवी सन् के दो सौ वर्ष के बाद तक न्यूनाधिक रूपान्तर के साथ चलते रहे। इसके पश्चात् इनका शनैः शनैः ह्रास हो चला। फिर भी लगभग चार सौ ईसवी तक ये सिक्के यत्र-तत्र प्रचलित ही रहे। इनके आकार-प्रकार में समय-समय पर कुछ थोड़ा-बहुत अन्तर होता हुआ भी प्रतीत होता है। मौर्य-कालीन आहत मुद्रायें प्रायः वृत्ताकार और पतली होती थीं। उनकी अपेक्षा कुछ मोटी मुद्रायें मौर्य-काल के पश्चात् ही प्रचलित होती हुई सी जान पड़ती हैं। इन मुद्राओं पर लगभग पाँच सौ प्रकार के चिह्न अंकित मिलते हैं और क्षेत्रान्तर से इन चिह्नों में भी अन्तर प्राप्त होता है। कुछ चिह्न तो किसी क्षेत्र में और कुछ चिह्न किसी क्षेत्र में विशेष प्रचलित थे। इससे तत्कालीन भारत के भौगोलिक भाग-विभाजन का भी अनुमान किया जा सकता है, किन्तु निश्चित रूप से इनके मूल मन्तव्य का निर्धारण नहीं किया जा सकता।

मध्य प्रदेश में आहत मुद्राओं के कई संग्रह मिले तो हैं परन्तु युगों के आधार पर उनका वर्गीकरण सम्भव नहीं है। अतएव आहत मुद्राओं के प्राप्ति-स्थानों की तालिका पुस्तक में दिये गये मान-चित्र में स्पष्ट कर दी गई हैं। सभी सिक्के अनिवार्यतः मौर्य-कालीन नहीं हैं। उक्त सिक्के तीन विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त हुए हैं। प्रथम क्षेत्र मालेगाँव तथा हिंगणघाट का है। इस क्षेत्र से प्राप्त होने वाले सिक्के सबसे महत्त्वपूर्ण हैं। यह क्षेत्र विदर्भ के अन्तर्गत है। दूसरा क्षेत्र उत्तर में त्रिपुरी और एरण नामक स्थानों का है। इस क्षेत्र की

खोज प्रायः होती रहती है। तीसरा क्षेत्र प्रायः छत्तीसगढ़ प्रान्त का है। इस क्षेत्र के अकलतारा, बायर, ठठारी और तारापुर नामक स्थानों से सम्प्राप्त आहत मुद्रायें भली भाँति विदित हैं। इस विषय में अद्यापि जो अनभिज्ञता है, उसका कारण अपूर्णान्वेषण ही है। एक विशेष उल्लेखनीय बात यहाँ पर यह है कि ठठारी ग्राम से प्राप्त होनेवाली मुद्राओं पर एक ही अल्पाकारी चिह्न अंकित है। ऐसा चिह्न हमें केवल तक्षशिला नामक प्रसिद्ध स्थान से सम्प्राप्त कुछ मुद्राओं पर ही मिलता है। दूसरी बात, जिसकी ओर हमें ध्यान आकर्षित कराना है, यह है कि छत्तीसगढ़ से प्राप्त अधिकांश मुद्राओं की जानकारी यद्यपि बहुत दिनों से है, तथापि उनका निरीक्षण और परीक्षण विशेष रूप से मुद्रा-शास्त्र-विशारदों के द्वारा अब तक नहीं हुआ।

ढले हुए सिक्के

(Cast Coins)

सम्राट् अशोक के शासन के पश्चात् ताँबे और ब्रांज के ढले हुए सिक्कों का प्रचलन प्रारंभ हुआ। इससे पूर्व इन धातुओं के ढले हुए सिक्कों का प्रचलन कम था। इसी के साथ सिक्कों के आकार-प्रकार में भी अंतर हुआ। ताँबे और ब्रांज के ये नये सिक्के साँचे में ढाले जाते थे और बहुत बड़ी संख्या में तैयार किये जाते थे, क्योंकि इनका प्रचलन-क्षेत्र इस समय उत्तरीय भारत में बहुत विस्तृत हो गया था। दक्षिणीय भारत में इनके प्रचलन का विषय संदिग्धसा ही है। वे तक्षशिला जैसे अनेक प्राचीन स्थानों के सिक्कों की भाँति तीन सौ वर्ष ईसा पूर्व तक ही के समय को इंगित करते हैं। मध्य प्रदेश में ऐसे ढले हुए सिक्कों की प्राप्ति के मुख्य केन्द्र एरण तथा त्रिपुरी नामक स्थान हैं और अभी हाल ही में होशंगाबाद नगर के निकट जमुनियाँ तथा खिड़िया नामक ग्रामों से भी ऐसे कुछ सिक्के प्रकाश में आये हैं। बहुत से सिक्के आकृति में उज्जैन अथवा एरण नामक स्थानों के सिक्कों के समान हैं।

उत्तर मौर्य–काल से शातवाहन--काल तक

उत्तर मौर्य-काल से लेकर सातवाहन शासकों के प्रारम्भ तक के समय का ऐतिहासिक ज्ञान संकीर्ण ही है, परन्तु पौनी नामक ग्राम से प्राप्त दीमभाग (तृतीय शताब्दी ईसा से पूर्व) नामक कुछ शासकों के दो एक सिक्कों से, जो यत्र-तत्र यदा-कदा प्राप्त होते हैं, उस काल के इतिहास पर कुछ अल्प प्रकाश पड़ जाता है। इससे अतिरिक्त और कोई भी अन्य साधन ऐसे उपलब्ध नहीं हैं, जिनसे इस काल के इतिहास का यथेष्ट परिचय प्राप्त हो सके।

--- --- ---

(३) शातवाहन-काल

मध्य प्रदेश में कतिपय अवशेषों से सातवाहन युग की स्थिति का भी ज्ञान होता है और यहाँ से प्राप्त अवशेषों में सिक्के तथा तत्कालीन लेख सम्मिलित हैं। वास्तव में इन लेखों का सातवाहन-वंश के राजाओं के इतिहास से कोई भी सीधा संबंध सा नहीं है। वे केवल उनके ऐतिहासिक ज्ञान में सहायक अवश्यमेव होते हैं, क्योंकि ये लेख वस्तुतः समकालीनता मात्र प्रकट करते हैं।

गौतमी-पुत्र सातकर्णी के नासिक गुफा के लेखानुसार विदर्भ का प्रान्त उनके अधिकार में था। कई विद्वानों के विचार से तो विदर्भ प्रान्त ही सातवाहन राजाओं का मूल-प्रदेश था, किन्तु यह मत सर्वमान्य नहीं है।

सिक्के:—त्रिपुरी-उत्खनन से सातवाहनवंशीय प्रारंभिक शासक सिरि सातकर्णी के जो सीसे के सिक्के और सातवाहनकालीन मृत्पात्र प्राप्त हुए हैं तथा नर्मदा तटस्थ जमुनियाँ नामक ग्राम से जो सिक्के मिले हैं, उनके आधारपर यह निस्सन्देह माना जा सकता है कि जबलपुर के चतुर्दिक का प्रदेश ईसा की प्रथम शताब्दी के पूर्वार्ध के लगभग सातवाहन वंश के पूर्ववर्ती शासकों के अधिकार में था। बालपुर के निकट महानदी में आपिल्क के सिक्के की प्राप्ति से इस काल में यहाँ तत्कालीन सातवाहन के अधिकार की पुष्टि होती है।

विगत शताब्दी में चाँदा तथा सन १९४६ ई० में मंगरूलपीर के निकटवर्ती तर्हाला में परवर्ती सातवाहन शासकों के सीसे के सिक्कों के दो बृहत् संचयों की गवेषणा से बड़े ही महत्त्वपूर्ण परिणाम पर प्रकाश पडता है। पहले स्थान पर पुळुमावि तथा यज्ञश्री शातकर्णी जैसे सातवाहन शासकों के ताम्र-सिक्के प्राप्त हुए है, परंतु तर्हाला स्थान पर सातवाहन वंश के इतिहास पर अत्यधिक प्रकाश डालने वाले कई ऐसे नवीन सातवाहन राजाओं के उन नामों का उल्लेख मिलता है जो पुराणों में वर्णित नृप-सूचियों तथा वंश-परम्पराओं में नहीं मिलते। त्रिपुरी से प्राप्त गौतमीपुत्र सातकर्णी की रजत मुद्राओं पर राजा की मुखाकृति के अंकित होने से भी बाद के पक्ष पर यथेष्ट प्रकाश पड़ता है।

पूर्ववर्ती सातवाहन-सिक्के एरण, उज्जयिनी तथा मालवा के सिक्कों से संबंध रखते हैं. परन्तु परवर्ती सातवाहन कालीन सिक्कों के एक तल पर हस्ति-चिन्ह के होने से उन सिक्कों का संबंध दक्षिण भारतीय कोरोमण्डल तट तथा उज्जैन से स्पष्टतया प्रकट होता है।

स्मारक :—त्रिपुरी के उत्खनन से प्राप्त दो अवशेष तो बौद्ध विहारों के प्राप्त हुए हैं, और केवल दो दूसरे अवशेष ऐसे प्राप्त हुए हैं, जो सातवाहन युग के अवशेष कहे जा सकते हैं। विदर्भ के अन्तर्गत चाँदा नामक ज़िले में भाँदक तथा अकोला नामक स्थानों के निकटवर्ती पातुर नामक स्थान में गुफायें मिली हैं। इन गुफाओं में किसी प्रकार की स्थापत्य-कला-सूचक कोई वस्तु विशेष नहीं प्राप्त होती। ऐसी दशा में इनके रचना-काल का निश्चितीकरण वहाँ से सम्प्राप्त ब्राह्मी-लिपि के शिला-लेखों के ही आधार पर हुआ है। यद्यपि ये शिला-लेख सर्वथा संतोषजनक रूप में नहीं पढ़े जा सके हैं।

इस युग से संबंधित अन्य विवरण कुछ बिखरे हुए शिला लेखों से प्राप्त होते हैं, जिनमें (१) भार शासक भगदत्त का पवनी का शिला-लेख, तथा (२) सक्ती राज्य-गत गुंजी नामक स्थान में कुमार-वरदत्त का लेख हैं। इन दोनों लेखों का समय ईसा की प्रथम शताब्दी है। दूसरी शताब्दी से संबंधित तीन लेखों में, (३) सेनापति श्रीधरवर्मन् का एरण लेख, तथा (४) वासिष्ठि-पुत्र शिवघोष का बघेरा नामक स्थान का लेख हैं। किरारी नामक स्थान के काष्ठ-स्तम्भ पर, जो स्पष्ट ही यज्ञ-यूप है, ईसवी दूसरी

मध्यप्रदेश
मील
एरण
त्रिपुरी
सिवनी
सोनपुर
गुंजी
किरारी
पवनी
चांदा
पातुर
शातवाहन काल
शातवाहन सिक्के
कुषाण सिक्के
समकालीन रोमन सिक्के और मुद्रा
अन्य समकालीन लेख

शताब्दी का खण्डित लेख है। कुछ अन्य गौण लेख, सेमरसाल, दुग तथा भाँदक में भी मिलते हैं। हाल में ही बिलासपुर ज़िले में मल्हार के समीप बुढ़ीखार नामक ग्राम में एक वैष्णव देवता की मूर्ति पर ईसा से पूर्व पहिली शताब्दी के ब्राह्मी अक्षरों से अंकित एक अन्य लेख प्राप्त हुआ है। यह लेख प्रजावती और भारद्वाजी नामक स्त्रियों के द्वारा मूर्ति का निर्माण सूचित करता हैं, जो प्रायः वैष्णव मन्दिर का अति-प्राचनि उल्लेख है। यदि सावधानी से और अधिक खोज की जाय तो आशा है कि ऐसे और भी कितने ही शिला-लेख प्राप्त हो सकेंगें, जिनसे संभवतः इतिहास के कुछ अँधेरे पृष्ठों पर प्रकाश पड़ सकेगा।

अन्य छोटी वस्तुओं में एक प्रस्तर-मुहर (Seal), जिसके अक्षर प्रथम शताब्दी ईसा से पूर्व के विदित होते हैं और जिसपर ब्रह्मगुत (ब्रह्मगुप्त) अंकित है, नागपुर के पास किसी स्थान से उपलब्ध हुई थी।

रोमन सिक्के और पदक

शातवाहन युग की एक बहुत बड़ी विशेष बात यह है कि इस युग में भारत का व्यापारिक संबंध अन्य बाहरी देशों और विशेषतया रोम के साथ में था, क्योंकि मध्यप्रदेश में चाँदा के निकट ताडली तथा बिलासपुर और चकरबेडा में रोमन सिक्के पाये गये हैं। संबंध के अभाव में इन सिक्कों का यहाँ प्राप्त होना असंभव था। इन रोमन सिक्कों के अतिरिक्त पकी हुई मिट्टी का एक रोमन पदक (Bullae) अकोला के समीप खोलापुर में मिला है। इसी प्रकार त्रिपुरी की खुदाई में भी ऐसा ही रोमन पदक और रोमन मृत्पात्र भी अन्तिम शातवाहन स्तर में प्राप्त हुए हैं।

क्षत्रप सिक्के :—पश्चिमी क्षत्रपों का उल्लेख किये बिना परवर्ती शातवाहन शासकों का विवरण पूर्ण नहीं समझा जा सकता। क्षत्रपों के सिक्के मुख्यतया सिवनी ज़िले में उपलब्ध हुए हैं। जीवदामन के पुत्र रुद्रसेन का एक सिक्का सिवनी में मिला था और ६३३ से ऊपर सिक्कों का एक संचय ईसवी सन् १९२५ में सिवनी के निकट सोनपुर से प्राप्त हुआ था। इस संचय में रुद्रसेन प्रथम से लेकर रुद्रसेन तृतीय तक के सिक्के निहित हैं, जिनका समय शकाब्द १२१ से ३०० तक है।

(४) गुप्त—वाकाटक-काल

गुप्त—साम्राज्य भारतवर्ष में सबसे गौरवशाली माना जाता है। साहित्य, संस्कृति, काव्य, मूर्ति—कला, वास्तु—कला आदि के क्षेत्रों में इस समय बड़ी ही आश्चर्यजनक प्रगति हुई। इसी कारण गुप्त-काल को "स्वर्ण-युग" कहा जाता है।

गुप्त-कालीन बहुत सी गुफ़ायें, बहुत मंदिर और शिला-लेख मध्यप्रदेश की उत्तरी-सीमा और वायव्यीय सीमाओं से बहुत दूर तो नहीं हैं, किन्तु हैं वे प्रायः बाहर ही। मध्य प्रदेश के अन्तर्गत केवल एरण नामक एक स्थान ऐसा है, जहाँ इसका अपवाद मिलता है, अर्थात् वहाँ गुप्त-कालीन अवशेष उपलब्ध हैं। यह नगर प्राचीन काल में 'ऐरिकिण' के नाम से प्रसिद्ध था और इसे पराक्रमी सम्राट् समुद्रगुप्त ने अपना 'स्वभोगनगर' बनाया था। स्वभोगनगर से कदाचित् तात्पर्य यह था कि यह नगर समुद्रगुप्त के प्रमोदामोद, क्रीडा-कौतुकादि के लिये निर्मित किया गया था। उस समय के कई अवशेष, अब भी एरण में उपस्थित हैं।

समुद्रगुप्त के बाद बुद्धगुप्त (४९४ ई०) और भानुगुप्त (५१० ई०) के समयों के लेख भी वहाँ उत्कीर्ण हैं और तत्कालीन विशाल मंदिरों के भग्नावशेष भी अद्यावधि देखे जा सकते हैं। एरण से दक्षिण में १२ मील दूर मध्य प्रदेश की सीमा पर पथारी नामक एक स्थान है जहाँ गुप्तकालीन लेख और मूर्त्ति-कला के कुछ अवशेष अद्यापि विद्यमान हैं।

गुप्त-काल का एक मंदिर जबलपुर के समीप तिगवाँ में भी अब तक बचा हुआ है। सपाट छत के बने हुए देवालय कटनी के पास रोण्ड, सकौर, कुम्डा, घनिया और कुण्डलपुर में हैं। यह वास्तु-कला गुप्त-काल की विशेष देन है। संभवतः इन कला-कृतियों का निर्माण गुप्त-काल में ही हुआ था।

अन्य वस्तुओं में गुप्त-काल के दो मुद्रा-लेख (Seals) नागपुर के पास माहुरझरी और पारसिवनी में पाये-गये हैं। गुप्त-शासकों के सोने के सिक्के हट्टा के समीप सकौर, बैतूल तहसील में पट्टन, होशंगाबाद तहसील में हरदा और जबलपुर में मिले हैं। रायपुर ज़िले में खैरताल से प्राप्त "श्री महेन्द्रादित्यस्य" ऐसे अंकित सिक्के कुमारगुप्त प्रथम के माने जाते हैं। ये सिक्के उत्पीड़ितांक मुद्रानुरूप (Repousse) हैं और यह उत्पीड़ितांक-खचन-विधि गुप्त-काल की मुद्रा-प्रयुक्त नवोद्भावना है। यह उत्पीड़न-विधि इस से पूर्व आभूषणादि पर चित्र-खचनार्थ प्रयुक्त होती थी। इसी लिये कतिपय विद्वानों का यह विचार है कि ये उत्पीड़ितांक मुद्रायें वस्तुतः मुद्रायें नहीं हैं वरन् शुभावसरों पर सन्मानोपहार रूप में दी जाने वाली प्रणतियाँ हैं। गुप्त-राजाओं के पश्चात् इस विधि का उपयोग नल-वंश तथा शरभपुर के राजाओं के द्वारा हुआ है। यहाँ यह भी कहना समुचित है कि इस उत्कीर्णांक-विधि के द्वारा निर्मित किये गये सिक्कों के एक पटल पर तो चिह्नांक ऊपर उठे हुए और सीधे रहते हैं, किन्तु दूसरे पटल पर वे ही चिह्नांक उल्टे और नीचे को दबे हुए रहते हैं। इस प्रकार कह सकते हैं कि ऐसे सिक्कों के उल्टे और सीधे दो पटल होते हैं। अन्य सिक्कों के समान इन सिक्कों के दोनों पटलों पर समान रूप में चिह्नांकन नहीं होता।

कुमारगुप्त के भी चाँदी के दस सिक्के इलिचपुर में पाये गये हैं।

वाकाटक-वंश

वाकाटक-वंश के महाराजा गुप्त सम्राटों से वैवाहिक संबंध से संबद्ध थे। ये बड़े शक्तिशाली शासक थे। इनका राज्य विदर्भ तथा मध्य भारत के विस्तृत भू-भाग पर फैला हुआ था। यद्यपि उनके शिला लेख उत्तर में अजयगढ़ राज्य के गंज और नाचने की तलाई नामक ग्राम से लेकर अजन्ता श्रेणी तक के विस्तृत क्षेत्र में प्राप्त होते हैं, परन्तु मध्य प्रदेश के अन्तर्गत केवल एक ही शिला-लेख चाँदा ज़िले के देवटेक ग्राम में विद्यमान है। यह अवश्यमेव ठीक है कि इनके अधिकांश ताम्र-लेख ही मध्य प्रदेश में प्राप्त हुए हैं भले ही यहाँ शिला-लेख न प्राप्त हुए हों।

इस वंश की दो प्रमुख शाखाओं में से एक तो वाशिम (प्राचीन वत्सगुल्म) और उसके निकटवर्ती क्षेत्र पर तथा दूसरी मध्य विदर्भ पर शासन करती थी। वाशिम-शाखा के केवल दो ही ताम्रपत्र प्राप्त हुए हैं और सभी शिला-लेख अजन्ता तथा घटोत्कच की गुफाओं से ही मिलते हैं। वत्सगुल्म के अतिरिक्त ताम्रपत्रों में वर्णित अन्य स्थानों का पता लगाना असंभव है, किन्तु वे स्थान अनुमानतः वाशिम के आसपास के क्षेत्र में ही स्थित थे। वाकाटकों की प्रधान शाखा से संबंधित प्रभावती गुप्ता के दो ताम्रपत्र, प्रवरसेन द्वितीय के बारह ताम्रपत्र और बालाघाट में पृथ्वीषेण का एक खण्डित दान-पत्र प्राप्त होते हैं। प्रवरसेन द्वितीय इस वंश का सब से प्रतापी शासक माना जाता है। वाकाटकों के तो सभी लेख संस्कृत में हैं किन्तु वत्सगुल्म के केवल एक प्राचीन शासक विन्ध्यशक्ति का एक ही ताम्रपत्र प्राकृत में उत्कीर्ण मिलता है।

प्रभावती गुप्ता के ताम्रपत्रों में "सुप्रतिष्ठित" नामक एक आहार अथवा प्रान्त या भूमि–भाग का उल्लेख मिलता है। अन्य ताम्रपत्र 'राम–पादमूल' (वर्तमान रामटेक) से दिया गया था।

प्रवरसेन द्वितीय के ताम्रपत्रों में बहुत से प्रदेशों का उल्लेख किया गया है, जो सिवनी, वर्धा, इलिच-पुर, बालाघाट, छिंदवाडा और भंडारा ज़िलों के अन्तर्गत हैं। इन उल्लिखित स्थानों में से बहुत से स्थानों का परिचय निश्चयात्मक रूप से प्राप्त हुई सामग्री के आधार पर दिया जा सकता है, यद्यपि विस्तृत प्रदेशों के भौगोलिक विस्तार के यथार्थ ज्ञान का प्राप्त करना कठिन है। कतिपय प्राचीन ग्रामों में भाषा के रूपान्तरित और परिवर्त्तित हो जाने के कारण नामान्तर अवश्यमेव हो गया है फिर भी उन ग्रामों का अस्तित्व न्यूनाधिक रूप में अद्यावधि कुछ हेर–फेर के साथ मिलता है।

प्रवरसेन की तीन राजधानियाँ थीं। एक थी नन्दिवर्द्धन में, जिसे इस समय नगरधन कहते हैं, दूसरी पद्मपुर में थी, जिसका इस समय कोई भी पता नहीं है और तीसरी राजधानी प्रवरपुर में थी। राजधानी का यह नाम सम्राट् के ही नाम पर रखा गया था। यह नगर इस समय भंडारा ज़िले के अन्तर्गत आधुनिक समय में पवनार के नाम से स्थित है। दोनों नामों में किस प्रकार नामान्तर हुआ है यह अवलोकनीय है, विशेषतया भाषा वैज्ञानिकों के लिये।

दुर्भाग्यवश वाकाटक वंशीय राजाओं के भवनावशेष तथा सिक्के प्राप्त नहीं हुए हैं। पवनार नामक स्थान से प्राप्त होनेवाली कुछ बहुत सुन्दर मूर्त्तियाँ वाकाटक-काल की जान पड़ती हैं। इन मूर्त्तियों के अंग-प्रत्यंग अथवा अवयवादि यथोचित अनुपात से हैं और ये मूर्त्तियाँ राम-कथान्तर्गत पात्रों की हैं। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि उस काल में रामायणी कथा का अधिक प्रचार-प्रसार हुआ था।

भारतवर्ष के सर्वश्रेष्ठ कवि कालिदास वाकाटक नृपति प्रवरसेन के आश्रय में रहते हुए अपने अमर काव्यों और नाटकों की रचना करते थे। ये वही कालिदास हैं, जिनका स्थान संसार के कवियों में सर्वोच्च है और जिनके नाटक एवं काव्य विश्व के साहित्य में भी सर्वोत्कृष्ट हैं।

पवनार की केवल इन मूर्त्तियों से अतिरिक्त और कोई भी अन्य न तो मूर्त्तियाँ ही मिलती हैं और न कोई ऐसी अन्य वस्तुएँ ही प्राप्त होती हैं, जिनसे वाकाटक वंशीय राजाओं के कला-कौशलानुराग का विशेष परिचय प्राप्त हो सके। प्रवरसेन कृत 'सेतुबन्ध' अथवा 'रावणवहो' नामक प्राकृत भाषा-काव्य इस बात का प्रमाण है कि वह एक कुशल कवि और साहित्यकार थे। इसके आधार पर यह कह सकते हैं कि वाकाटक वंशीय राजा साहित्यानुरागी भी रहे थे। उनके काल में इसीलिये साहित्य की भी श्री-वृद्धि हुई है। वाकाटक वंशीय राजाओं का इतिहास वस्तुतः अध्ययन के लिये बहुत ही आकर्षक है। आवश्यकता अब यह है कि पवनार तथा नगरधन स्थानों के विस्तृत टीलों का उत्खनन-कार्य मनोयोग के साथ किया जाय। आशा यह है कि ऐसा करनेपर इतिहास की बहुत उपयोगी सामग्री प्राप्त हो सकेगी।

पृष्ठ १४ पर दिए हुए मानचित्र में वाकाटक-लेखों के प्राप्ति-स्थान दिये गए हैं।

नल-वंश

नल-शासक वाकाटकों के समकालीन थे और इनका आधिपत्य बस्तर–क्षेत्र पर था। इस वंश के अर्थपति, भवदत्तवर्मन्, वराहराज आदि शासकों के नाम ताम्रपत्रों, शिला-लेखों तथा सिक्कों पर मिलते हैं।

अर्थपति का एक ताम्रपत्र केसरिबेढ नामक ग्राम में हाल में ही प्राप्त हुआ है।

नल–वंशीय भवदत्तवर्मन् बहुत प्रतापी शासक थे। उनका एक ताम्र-पत्र विदर्भगत ऋद्धिपुर तथा एक शिला-लेख बस्तर राज्य की सीमा पर स्थित पोढ़ागढ़ ग्राम से प्राप्त हुआ है। संभवतः उन्होंने अन्तिम

वाकाटक शासक पृथ्वीषेण से युद्ध किया था, क्योंकि पृथ्वीषेण को अपने वंश की अवनति-पूर्ण स्थिति को दूर करने तथा अभ्युदय की उत्कर्षावस्था को पहुँचाने वाला कहा गया है। ऋद्धिपुर के ताम्रपत्र में उल्लिखित स्थान वाकाटक-राज्य के अन्तर्गत थे। इससे यह अनुमान किया जाता है कि वाकाटकों के अधिराज्य में से कुछ विभाग युद्ध-द्वारा भवदत्तवर्मन् के अधिकार में आ गया था।

भवदत्तवर्मन् के समय का पोड़ागढ़ से प्राप्त शिला-लेख पुष्करी नामक नगर में, जिसका पता अब तक नहीं लग सका, नल वंशीयों की राजधानी के होने का उल्लेख करता है। कुछ विद्वान् इस पुष्करी नगर का स्थानीकरण बस्तर से लगी हुई सीमा से आगे मद्रास राज्य में करते हैं।

विलासतुंग का राजीम स्थान से सम्प्राप्त लेख भवदत्तवर्मन् के उत्तराधिकारी का है और उस लेख में राजीम में एक विष्णुमन्दिर के निर्माण करने का वर्णन किया गया है। यह मन्दिर संभवतः राजीवलोचन का सुप्रसिद्ध मंदिर है, जिसमें यह लेख सुरक्षित है। इस लेख का समय प्रायः ७०० ईसवी है।

तीन नल शासकों (वराहराज, अर्थपति और भवदत्तवर्मन्) के सोने के सिक्के बस्तर राज्य के कोण्डेगाँव तहसील में एड़ेंगा नामक स्थान से प्राप्त हुए हैं। ये सिक्के भी उत्पीड़ितांक मुद्रायें हैं।

अन्य गुप्त-कालीन वंश

उपरि निर्दिष्ट वंशों से अतिरिक्त गुप्त कालीन कई अन्य लेख मध्य प्रदेश में उपलब्ध हुए हैं। इन वंशों में राजर्षितुल्य-कुल, परिव्राजक, दक्षिण कोसल के पाण्डव और शरभपुर के राजवंश सम्मिलित होते हैं।

परिव्राजक वंशीय महाराज संक्षोभ का केवल एक दान-पत्र बैतूल में मिला था, जिसमें जबलपुर ज़िला के अन्तर्गत बिल्हरी के समीप पटपारा और द्वारा (प्राचीन प्रस्तरवाटक और द्वारवाटिका) नामक ग्रामों के दान का उल्लेख है।

दक्षिण कोसल के पाण्डववंशीय राजाओं (यह पाण्डव वंश महाभारतकालीन पाण्डव-वंश नहीं है) के कई लेख और दान-पत्र रायपुर तथा बिलासपुर ज़िलों में प्राप्त हुए हैं। इन में से सब से प्राचीन बह्मणी ग्राम का ताम्रपत्र है, जिस से इस वंश के साथ वाकाटक सम्राटों के संबंध का होना प्रतीत होता है। नन्नदेव का एक लेख, जो वस्तुतः प्रथम अपने मूल-स्थान आरंग से लाया गया था, अब भाँदक में मिला है। तीवरदेव के दो ताम्रपत्र, राजीम तथा बालोद में प्राप्त हुए हैं। इसमें कोई भी संदेह नहीं कि यह वंश ईसा की पाँचवीं शताब्दी में छत्तीसगढ़ प्रान्त पर शासन करता रहा, जिसका समय भ्रम-वशात् पहिले नवीं शताब्दी में कहा गया था। सिरपुर से प्राप्त कई लेखों में महाशिवगुप्त बालार्जुन का नाम आता है। उनकी माता वासटा के द्वारा सिरपुर का प्रसिद्ध लक्ष्मण-मंदिर बनवाया गया था, जिसको एक लेख में विष्णु-मंदिर कहा गया है। महाशिवगुप्त के तीन ताम्रपत्रों से इस बात का पता चलता है कि वह दीर्घायु थे और उनका शासन बहुत समय तक छत्तीसगढ़ तथा विशेषतः सारंगगढ़ पर रहा।

छत्तीसगढ़ में कई ईंटों के बने हुए देवालय उनके समय के प्रतीत होते हैं। ऐसे देवालय सिरपुर, खरोद, पुजारी पाली तथा कुर्वई ग्रामों में विद्यमान हैं। स्थापत्य कला की दृष्टि से यह देवालय उड़ीसा प्रान्तीय देवालयों से दूरतः संबंधित है। महाशिवगुप्त के मल्लार ग्राम वाले दान-पत्र से इसी समय छत्तीसगढ़ में बौद्धों को राजाश्रय प्राप्त होने का भी पता चलता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि पाण्डव-वंशीय राजाओं की नीति सब धर्मों के प्रति समान औदार्य की थी और ये बौद्ध-धर्म-सहिष्णु भी थे। मल्लार, सिरपुर, आरंग, तुरतुरिया, दुग आदि स्थानों में प्राप्त बौद्ध मूर्तियाँ प्रायः इसी समय की प्रतीत होती हैं। विशेष उल्लेखनीय बात यहाँ यह

है कि न केवल प्रस्तर की ही मूर्त्तियाँ वरन् स्वर्ण-सलिल-स्नात पीतल की मूर्त्तियाँ भी सिरपुर में प्राप्त हो गयी हैं। पाण्डव-वंश के कई लेख लिपि की दृष्टि से उत्तर-गुप्त काल में रखे जा सकते हैं।

शरभपुर का शासक-वंश

शरभपुर नामक स्थान एक राज-वंश की राजधानी था और यह राजवंश शरभपुराधीशवंश कहा जा सकता है। ऐसा अनुमान किया जा सकता है कि शरभ नामक नरेश ने इस स्थान को अपनी राजधानी बनाया था और इसी लिये इसका नाम भी उसके नाम पर रखा गया था। यह प्राचीन राजधानी संभवतः मध्य प्रदेश की पूर्वीय सीमा के निकट उड़ीसा प्रान्त में थी। शरभपुर-नरेशों का शासनाधिकार सारंगगढ़ राज्य तथा रायपुर ज़िले में नल-वंश के पश्चात् रहा। महाराज नरेन्द्र का एक ताम्रपत्र सारंगगढ़ में पिपरदुला नामक ग्राम में प्राप्त हुआ था। इस वंश के महाजयराज का एक ताम्रपत्र आरंग में और महासुदेवराज के पाँच ताम्रपत्र खैरियार, आरंग, सिरपुर, रायपुर तथा सारंगगढ़ में उपलब्ध हुए हैं। इन ताम्रपत्रों में उल्लिखित सभी स्थल बालोदा बहार तथा खैरियार के समीप हैं। महासुदेव के भ्राता महाप्रवरराज का एक ताम्रपत्र सारंगगढ राज्य में ठाकुरदीया ग्राम से प्राप्त हुआ है। इस वंश के एक अन्य राजा महाभवगुप्त का भी पता चला है, जिसके ताम्रपत्र में उल्लिखित स्थान भी सारंगगढ राज्य में हैं।

इस वंश के महाराज प्रसन्नमात्र के चाँदी के सिक्के सारंगगढ़ राज्य में महानदी के तट पर साल्हे-पाली नामक ग्राम से प्राप्त हुए हैं। ये सिक्के भी उत्पीड़ितांक मुद्रायें हैं।

गुप्त तथा गुप्तोत्तर कालीन अन्य जो लेख मिले हैं उनमें से अधिकांश गौण है, केवल एक ताम्रपत्र उल्लेखनीय हैं, क्योंकि इसमें महाराज भीमसेन का नाम अंकित मिलता है। इस ताम्रपत्र पर जो समय अंकित है, वह कुछ ऐसा है कि प्रथम उसे २८२ गुप्त संवत् समझा गया था, किन्तु अब जो शोध किया गया है उसके अनुसार १८२ गुप्त-काल निश्चित किया गया है। इस ताम्रपत्र में शासक के वंशादि का परिचय नहीं दिया गया है, किन्तु उनके कुल को "राजर्षि-तुल्य" कहा गया है। इसी ताम्रपत्र में जो स्थान उल्लिखित है उन्हें यथासंभव रायपुर ज़िले में ही होना चाहिये। यद्यपि इसका कोई निश्चित प्रमाण नहीं है।

(५) राष्ट्रकूट वंश

मध्य प्रदेश के अन्तर्गत विदर्भ प्रान्त पर दो सौ वर्षों से अधिक काल तक राष्ट्रकूटों का राज्य रहा। इस वंश की कई शाखायें थीं। कम से कम तीन या तीन से अधिक शाखायें तो यहीं पर शासन करती थीं और उनमें से सबसे प्राचीन शाखा बैतूल के निकटवर्ती क्षेत्रों पर राज्यारूढ़ रहीं। यह बात बैतूल तथा अकोला ज़िले से प्राप्त तीन दान पत्रों (जिनमें से एक बनावटी है) से स्पष्ट ज्ञात होती है। ये दानपत्रों नन्नराज अपर नाम युद्धासुर के द्वारा अंकित कराये गये थे। इनका समय ईसवी सन् ६९३–७१६ के आसपास है। एतद् पूर्वकालीन एक दानपत्र, जो संभवतः उसी वंश के राजा स्वामीराज द्वारा दिया गया था, रामटेक के निकट नगरधन से प्राप्त हुआ था। यह स्मरणीय है कि इस नगर से दो दानपत्र पहिले और प्राप्त हो चुके हैं। जिनका उल्लेख ऊपर किया गया है इन दानपत्रों में वर्णित बहुत से स्थान बैतूल और अकोला ज़िलों के आसपास तथा रामटेक के समीप स्थित हैं।

इस वंश का प्रभाव वस्तुतः स्थान-सीमित प्रतीत होता है। किन्तु कियत्कालोपरान्त विदर्भ मान्यखेट के सम्राट-परिवार के विस्तृत राज्य में सम्मिलित हो गया। मान्यखेट की शाखा से सम्बंध रखनेवाले पाँच ताम्रलेख और तीन शिलालेख ऐसे प्राप्त हुए हैं, जिनसे यह प्रतीत होता है कि इस राज-परिवार-शाखा का अविच्छिन्न शासन इस प्रान्त पर दो सौ वर्षों तक रहा। भाँदक में प्राप्त कृष्णराज प्रथम का ताम्रपत्र सबसे प्राचीन है, जो नान्दिपुरी द्वारी, आधुनिक नान्दूर (?) में लिखा गया था और जिसमें सूर्य-मन्दिर के एक पुजारी को दान का उल्लेख है। राष्ट्रकूट वंश के सबसे अधिक प्रतापी शासक गोविन्द तृतीय के चार दानपत्र उपलब्ध हुए हैं, जिन में अमरावती तथा अकोला ज़िलों के कई गाँवों का उल्लेख आता है। उनमें से तीन दानपत्रों में धाराशिव (हैदराबाद राज्य) के निवासी एक ही दान-पात्र का उल्लेख किया गया है। इस दानपात्र का नाम ऋषियप्प था जो संभवतः दाक्षिणात्य कनडी ब्राह्मण था। इसी ब्राह्मण को अमरावती ज़िले में और भी गाँव मिले थे।

राष्ट्रकूट वंशीयों के शासन के अन्तिम समय में इस वंश का प्रभुत्त्व-प्रभाव उत्तर की ओर भी बढ़ गया था, क्यों कि अन्तिम शासक कृष्ण तृतीय का नाम छिन्दवाड़ा ज़िले के नीलकण्ठी शिलालेख में भी आता है और उसी की प्रशस्ति से युक्त एक शिलालेख मध्य प्रदेश की उत्तरी सीमा पर, मैहर की पश्चिम दिशा में लगभग बारह मील दूर जुरा नामक ग्राम से प्राप्त हुआ है। उसका अन्य दानपत्र नागपुर–नन्दिवर्द्धन (वर्तमान नगरधन) से दिया गया था।

परवर्त्ती राष्ट्रकूट शासकों के वैवाहिक संबंध त्रिपुरी के कलचुरियों से हुए थे और कई कलचुरि राजकुमारियाँ राष्ट्रकूट राजाओं को विवाहित हुई थीं।

राष्ट्रकूट राजवंश की एक (मानपुर) शाखा पहिले होशंगाबाद के निकटवर्त्ती प्रदेश पर शासन करती हुई कही जाती थी, किन्तु अनुसंधान से यह प्रकट होता है कि यह शाखा प्रधानतः बम्बई राज्यान्तर्गत सातारा ज़िले से संबंधित थी और इसी कारण पृष्ठ २० पर दिये हुए मध्य प्रदेश के मानचित्र में इस शाखा के अधिकृत स्थानादि को इस लिये नहीं दिखलाया गया चूँकि वे स्थानादि मध्य प्रदेश के अन्तर्गत नहीं आते।

राष्ट्रकूट वंश के एक अन्य राजा गोल्हणदेव का उल्लेख लगभग बारहवी शताब्दी के बाहुरीबन्द स्थान में स्थित जैन-मूर्ति-लेख से प्राप्त होता है। संभवतः वह त्रिपुरी के कलचुरि-राजवंश का सामन्त था।

मध्यप्रदेश
स्केल
मील
एरण
सेरआ
तिगवा
बाहुरीबंद
कारीतलाई
बिलहरी
नर्मदा नदी
मुलताई
तिवरखेड
नीलकंठी
रामटेक
अचलपुर
सीरसी
अंजनावती
सांगलूद
देवली
लोहारा
भांदक
कनघारी
राष्ट्रकूट वंश
अचलपुर शाखा (लेखोंके प्राप्तिस्थान)
मान्यखेट शाखा (लेखोंके प्राप्तिस्थान)
राष्ट्रकूट गोल्हण का लेख (१२ वी शताब्दि)

राष्ट्रकूट शासकों के सिक्के अभी तक प्राप्त नहीं हैं। उनके समय में प्रायः " इंडो-ससानियन " सिक्के प्रचलित थे। इन सिक्कों में से कुछ सिक्के मध्य प्रदेश में भी प्राप्त होते हैं और उन्हें इस समय 'गधिया का पैसा' कहते हैं[1]। गुप्त तथा गुप्तोत्तर-काल में मध्य प्रदेश एवं भारतवर्ष में 'शंख-लिपि' का प्रादुर्भाव हुआ था। इस लिपि का पढना बहुत असाध्य है। राजीम, एरण, कारीतलाई, पचमढ़ी, भाँदक तथा तिगवाँ में शंख लिपि में उत्कीर्ण लेख प्राप्त होते हैं। कई विद्वानों के मतानुसार शंख-लिपि केवल गुप्त-काल में ही प्रचलित थी।

राष्ट्रकूट-काल की मूर्ति-कला तथा स्थापत्य-कला के विषय में हमारा ज्ञान बहुत सीमित है। दक्षिण में राष्ट्रकूट वंश की प्रधान शाखा के स्थापत्य-कलावशेष अधिकांशतः उपलब्ध हैं परन्तु पुरातत्त्वशास्त्रज्ञों के द्वारा वे उपेक्षित प्राय हैं और खोज़ की प्रतीक्षा करते हुए अभी तक स्थित हैं।

(६) कलचुरि-वंश

मध्यप्रदेश में कलचुरि नाम जनश्रुतियों, लेखों और मूर्तियों के द्वारा सर्वविदित है। मध्य प्रदेश के उत्तरी भाग में कलचुरि-काल की अगणित मूर्तियाँ बिखरी पड़ी हैं और जबलपुर, दमोह, कटनी तथा होशंगाबाद ज़िलों में ऐसा कोई गाँव नहीं है, जो इस समय की कला से अछूता हो और जहाँ कलचुरि-कालीन कुछ न कुछ मूर्तियाँ किसी न किसी रूप में सामान्यतया न पाई जाती हों।

कलचुरि राजवंश की दो शाखायें थीं, जो अपने को कार्तवीर्य सहस्रार्जुन से उत्पन्न बतला कर (१) त्रिपुरी और (२) रतनपुर में राज्य करती थीं।

बतलाया जाता है कि इस वंश के प्रथम शासक कोकल्ल ने नवीं शताब्दी ईसवी के अन्तिम काल में जबलपुर के उत्तर की ओर फैले हुए डाहल नामक प्रदेश पर विजय प्राप्त कर उस क्षेत्र को अपने अठारह पुत्रों में बाँट दिया। उनमें से सबसे बड़ा पुत्र त्रिपुरी का शासक हुआ और बिलासपुर का पार्श्ववर्ती क्षेत्र कनिष्ठ पुत्र के भाग में आया। उक्त शाखा के शक्तिशाली शासक रत्नदेव ने अपनी नई राजधानी बिलासपुर के उत्तर लगभग २० मील की दूरी पर एक स्थान-विशेष में स्थापित की और उस स्थान का नाम रत्नपुर रखा गया। तब से रत्नदेव की वंश-शाखा रतनपुर शाखा के नाम से विख्यात हो गई।

प्राप्त लेखों में त्रिपुरी–शाखा के लगभग पन्द्रह शासकों का उल्लेख मिलता है। ऐसे लेख अबतक तीस के लगभग प्राप्त हुए हैं, जिन में से आठ ताम्रपत्र हैं। कलचुरि लेखों के समकालीन लेखों की संख्या भी बहुत है।

यद्यपि त्रिपुरी शाखा की राजधानी त्रिपुरी थी, किन्तु कलचुरि वंश के प्रारम्भिक राजाओं के लेख मुख्यतया विन्ध्यप्रदेश के रीवाँ राज्य तथा कटनी, दमोह जैसे स्थानों में, जो मध्य प्रदेश की उत्तरी सीमा पर हैं, मिलते हैं। कारीतलाई, छोटी देवरी, सागर आदि के क्षेत्रों से इस वंश के सबसे प्राचीन लेख प्राप्त हुए हैं, जिनसे इस प्रकार कलचुरि वंशीय सुव्यवस्थित साम्राज्य का परिचय प्राप्त होता है। राष्ट्रकूट राजाओं के

---

[1] इन सिक्कोंपर मूलतः राज-शिर अंकित था, किन्तु आगे चलकर इन सिक्कों का साँचा ऐसा बिगड़ गया कि उससे सिक्कोंपर जो चिह्न उतर कर आया वह गर्दभ सा प्रतीत हुआ। इसीलिये इसे लोग इस नाम से पुकारने लगे। ये सिक्के चाँदी तथा ताँबे के हैं।

कलचुरी वंश
लेखोंके प्राप्तिस्थान
देवालय (उल्लेखित)
देवालय के स्थान
सिक्के
स्केल ० ३२ ६४ ९६ मील
चनपाहा
कोसम्ब
प्रयाग
झुसी
बनारस
देवतलाव
अल्हाघाट
वैजनाथ
लालपहाड
रीवाँ
गुर्गी
मसान
मरई
चंद्रेहे
बरगांव
पोण्डी
कारीतलाई
सलेया
देवरी
केलवारा
रिठि
बिल्हेरी
बाहुरीबंद
इसुरपुर
सोहागपूर
कुंभी
त्रिपुरी
भेडाघाट
गोपालपूर
नर्मदा नदी
अमरकंटक
कोमो
रतनपूर
जाजल्लपूर
सरखो
सोनसारी
अकलतारा
आमोदा
सकती
कोणी
मल्लार
खरोद
तलोरा
बालपूर
पारगांव
सारंगगढ
विलैगढ
डेकोणी
नारायणपूर
खेरागढ
राजिम

मुख्य वंश के साथ त्रिपुरी शाखा के कल्चुरि राजाओं ने वैवाहिक संबंध स्थापित किये थे । अधिकांशतः कल्चुरि कन्यायें ही राष्ट्रकूट वंश में विवाही गई थीं । एक कल्चुरि राजा ने एक हूण स्त्री के साथ विवाह किया था, यद्यपि हूण वंश की सामाजिक प्रतिष्ठा ऊँची न थी । इस वंश की राज-महिषियों के नाम भी कुछ विचित्र से हैं, जैसे अल्हणदेवी, नोहलादेवी, बोसलादेवी आदि ।

त्रिपुरी-शाखा का सबसे प्रतापी शासक सम्राट् कर्ण था । जनश्रुतियों, लेखों, साहित्यिक विवरणों तथा लोक-गीतों के द्वारा यह जाना जा सकता है कि अपना सारा जीवन उसने विविध राजाओं पर आक्रमण करके उनसे युद्ध करने में बिताया था और अपने प्रभुत्व-प्राधान्य को विस्तृत-क्षेत्र व्यापी किया था । लेखादिकों से यह स्पष्ट है कि उसके शासन--काल में कल्चुरि--साम्राज्य का भौगोलिक विस्तार सबसे अधिक था । उसके पश्चात् अयोग्य अधिकारियों के हाथ में वह विशाल साम्राज्य थोड़े ही दिनों तक स्थिर रह सका । कर्ण के साम्राज्य की सीमा उत्तर में प्रयाग, कोसम्ब (कौशाम्बी) बीरभूम और बनारस (सारनाथ) तक पहुँच गयी थी । कल्चुरि वंशीय राँजाओं के प्रशंसनीय कार्यों में से पाशुपत-पंथ-संरक्षण, प्राकृत-साहित्य-प्रोत्साहन तथा शैव और जैन धर्मों का समादर विशेष रूप में उल्लेखनीय हैं । राजशेखर जैसे कवि इसी वंश के आश्रय में प्रख्यात हुए । राजशेखर का 'कर्पूरमञ्जरी' नामक प्रसिद्ध नाटक कल्चुरि--दरबार के प्रोत्साहन से ही रचा गया था ।

इस वंश ने मूर्त्ति-कला को भी प्रचुर-प्रोत्साहन देकर सुविकसित किया । तत्कालीन मूर्त्ति-कला में यद्यपि रूप-रम्यता के साथ सामान्य से सामान्य बातों के भी प्रकट करने का पूरा प्रयत्न किया गया है तथापि मूर्त्तियों में भाव-भावना-प्रतिबिम्ब और सजीवता के लाने की ओर विशेष प्रयास नहीं किया गया । प्राप्त मूर्त्तियाँ मूर्त्तिकला के निश्चित् नियमों के आधार पर अवश्यमेव निर्मित की गई हैं किन्तु वे प्रायः निष्प्रभ और भावोद्रेककारिणी विशेष रूप में नहीं हैं । फिर भी यह मानना पड़ेगा कि इस समय की मूर्त्ति-कला के सराहनीय विकास का श्रेय वास्तव में कल्चुरि राजवंश को ही हैं । कल्चुरि-कालीन मूर्त्तियों से यह स्पष्ट है कि इस मूर्त्ति-कला पर गुप्त-कालीन मूर्त्ति-कला का अधिक प्रभाव है । किन्तु यह निश्चित रूप में कहा जा सकता है कि कल्चुरि-मूर्त्तियों में मूर्त्ति-कला की कुछ रूढ़ियों का बड़ी दृढ़ता से पालन किया गया है । इसीलिये प्रायः उनमें आकृति-साम्यादि अनिवार्य रूप में प्राप्त है । कला में मौलिक नव्यता, भव्यता के साथ नहीं आई । मूर्त्तियों में बहिरंग बातों पर बहुत अधिक ध्यान दिया गया है और भावना-प्रतिबिम्ब के लाने का बहुत अल्प सा प्रयास किया गया है । एक दृष्टि से यह कला का कोई समुन्नत स्वरूप नहीं है । क्योंकि कला का उत्कर्ष भाव-भावना व्यंजकता में ही अधिक है न कि रूप-रंजकता में । निजी विशेषता का ध्यान रख कर भी कल्चुरि-काल की मूर्त्तियों को देखकर यह नहीं कह सकते कि मूर्त्तियाँ बोलती सी हैं ।

कल्चुरियों ने जिस स्थापत्य-कला को अपना कर प्रोत्साहन देते हुए विकसित किया था, उस पर उस कला का विशेष प्रभाव है, जिसे चन्देलों ने, जो कल्चुरियों के समकालीन हैं, प्रश्रय दिया था ।

कई कल्चुरि मंदिर अद्यापि विद्यमान हैं, जिनमें से अमरकंटक, छोटी देवरी, भेड़ाघाट, सिमरा, रीठी आदि स्थानों के मंदिरों का उल्लेख करना आवश्यक है । रीवाँ राज्य के सोहागपुर, गुर्गी, चन्द्रेहे, देवतलाव, अमरकंटक इत्यादि स्थानों में कल्चुरि स्थापत्यकला के बहुत अच्छे उदाहरण पाये जाते हैं । खेद का विषय है कि ऐसे सुरक्षणीय मन्दिरों की सुरक्षा नहीं रही और उनसे बहुत सी सामग्री इतस्ततः चली गई है ।

सुरक्षा की दृष्टि से कल्चुरि-काल में विशाल और अभेद्य दुर्गों की ओर विशेष ध्यान दिया जाता था । त्रिपुरी की खुदाई में कल्चुरियों का एक दुर्ग सा निकल आया है ।

बारहवीं शताब्दी ईसवी के अन्त में इस वंश का भी अन्त हो गया। इस वंश के लेखों में एक विशेष संवत् का प्रयोग किया गया है, जिसे 'कलचुरि-चेदि' संवत् कहा जाता है। यह संवत् २४९ ई० में कार्त्तिक मास से प्रारम्भ होता है।

कलचुरि-वंश के एक पूर्व शासक कृष्णराज के चाँदी के सिक्के विदर्भ के कई स्थानों में पाये गये हैं। त्रिपुरी-शाखा के केवल एक शासक गांगेयदेव के सिक्कों का पता चलता है। वे सागर, जबलपुर जैसे मध्य प्रदेश के उत्तरी ज़िलों में तथा उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर आदि दक्षिणी ज़िलों से प्राप्त हुए हैं। वे सोने, चाँदी तथा ताँबे के हैं। ताँबे तथा चाँदी के सिक्के स्वर्ण-मुद्राओं की अपेक्षा कम हैं।

कलचुरि वंश की रतनपुर शाखा

कलचुरियों की रतनपुर शाखा कोकल्ल के सब से छोटे पुत्र कलिंगराज से प्रारम्भ होती है, जिसे कोमो मण्डल में तुम्माण के आसपास का प्रदेश नवीं शताब्दी ईसवी के अन्त में प्राप्त हुआ था। इस शाखा के ग्यारह शासकों का विवरण प्राप्त होता है और स्थूल विचार से उनका राज्य महानदी के उत्तर बिलासपुर ज़िले में फैला हुआ था। ऐसा अनुमान किया जाता है कि रायपुर के भागों पर उनके सामन्तों का अधिकार रहा होगा। ईसवी १११४ से लेकर १२१४ तक की एक शताब्दी में इस वंश के २८ लेख प्राप्त होते हैं, जिनमें १३ ताम्रपत्र तथा १५ शिलालेख हैं। उनमें से अधिकांश (दस) इस वंश के प्रभावशाली शासक पृथ्वीदेव द्वितीय के हैं।

पूर्व की ओर चोड़ (चोल) शासकों के आक्रमणों को विफल कर यह शाखा बिलासपुर ज़िले में सुदृढ़ हो गई। इस वंश के शासक तथा सामन्त अपने जन-हित के कार्यों के लिये जिन में मन्दिर, सरोवर, उपवन तथा विहार आदि का निर्माण मुख्य है, प्रसिद्ध थे। इस स्थापत्य-सामग्री का अध्ययन अभी तक इस रूप में भी नहीं हुआ जिस रूप में इसी वंश की त्रिपुरी-शाखा की अवशिष्ट सामग्री का अध्ययन श्री राखलदास बनर्जी ने किया है।

इनके बहुत से स्मारक, जिन्हें उत्खनन कार्य के द्वारा प्रकाश में लाया जा सकता है, बिलासपुर ज़िले के वन्य-प्रदेश में अज्ञात से पड़े हुए हैं।

जाजल्लदेव, पृथ्वीदेव द्वितीय तथा रत्नदेव द्वितीय के ताँबे तथा सोने के सिक्के उपलब्ध होते हैं। हाँ, पृथ्वीदेव द्वितीय के चाँदी के सिक्कों का भी पता चलता है। इसी वंश के अन्तिम शासक प्रतापमल्ल के केवल ताँबे के सिक्के मिलते हैं। ये सिक्के मुख्यतया बिलासपुर, रायपुर, सारंगगढ़, छत्तीसगढ़ राज्य तथा कुछ उत्तर-प्रदेश के मिर्ज़ापुर ज़िले में प्राप्त होते हैं।

पृष्ठ २२ पर दिये गये मानचित्र से लेखों तथा सिक्कों के प्राप्ति-स्थानों का परिचय प्राप्त किया जा सकता है।

कलचुरियों के सभी लेखों का एक बृहद्ग्रन्थ नागपुर के महामहोपाध्याय प्रोफेसर वा० वि० मिराशी द्वारा "भारतीय-लेख-संग्रह" (Corpus Inscriptionum Indicarum) के चतुर्थ भाग के रूप में शीघ्र ही प्रकाशित हो रहा है।

(७) यादव साम्राज्य

इतिहास से यह विदित होता है कि ईसा की ग्यारहवीं-बारहवीं शताब्दी के मध्य में विदर्भ का अधिकांश भाग देवगिरि के यादव शासकों के आधिपत्य में था। वारंगल के काकतीय राजाओं को परास्त करने के पश्चात् विशेष कर यादव वंशी नृपति सिंघण और रामचन्द्र के शासन-काल में इस वंश का साम्राज्य उत्तर की ओर विदर्भ में फैला और इसका श्रेय प्रधानतः सिंघण के सेनापति खोलेश्वर को है।

यादवों के निम्नलिखित शिलालेख मध्य प्रदेश में प्राप्त हुए हैं:—

(१) हेमाद्रि का बार्शी-टाकली शिला-लेख, शक १०९८
(२) सिंघण के राज्य-काल का अमड़ापुर शिला-लेख, शक ११३३
(३) यादव कृष्ण के काल का नान्दगाँव शिला-लेख, शक ११७७
(४) यादव रामचंद्र का रामटेक शिला-लेख, शक १२२२
(५) यादव रामचंद्र के समय का काटा शिला-लेख, शक १२२७
(६) यादव रामचंद्र का लाञ्जी शिला-लेख

इनके अतिरिक्त मध्य प्रदेश की दक्षिणी सीमापर उनकेश्वर नामक स्थान में यादव रामचंद्र का शक संवत् १२२२ का एक अन्य लेख भी मिला है।

बार्शी टाकली का लेख एक मन्दिर के निर्माण का उल्लेख करता है। अमड़ापुर शिला-लेख महाराज सिंघण के शासन-काल से संबंधित है। पूर्व मराठी भाषा में लिखित नान्दगाँव के शिला-लेख में तत्रस्थ एक विशेष मन्दिर में पुष्पादि अर्चनोपासना सामग्री में व्यय करने के लिये दान देने का उल्लेख मिलता है। रामटेक के शिला-लेख में कई निकटस्थ पवित्र स्थानों, जो तीर्थ के नामसे लेखाङ्कित हैं, तथा महाराज रामचंद्र के कई महत्त्वपूर्ण दानों का उल्लेख है। लाञ्जी का शिला-लेख सन्तोषजनक रूप से नहीं पढ़ा जा सकता।

यादव सिंघण का सेनापति खोलेश्वर अमरावती का निवासी था। हैदराबाद राज्य के आम्बे नामक ग्राम से प्राप्त लेख में उसके कई दानों का उल्लेख किया गया है। उसके द्वारा अचलपुर में विष्णुमन्दिर के निर्मित कराये जाने का वर्णन किया गया है। पयोष्णी (पूर्णा) नदी के तट पर इसी सेनापति ने अपने ही नाम पर एक नगर (आधुनिक खोलापुर) की भी स्थापना की थी। इसी प्रकार वरदा (वर्धा) नदी के किनारों पर कतिपय मन्दिरों, अग्रहारों तथा कूपों आदि समाजोपयोगी स्थानों का उसी के द्वारा निर्मित कराया जाना भी कहा जाता है। इस शिला-लेख का लेखन-काल शक संवत् ११५० है।

विदर्भ में यादव शासकों के विशेष उल्लेखनीय कला-कार्य हेमाडपंती मन्दिर हैं, जो अकोला, बुलढाणा, यवतमाळ, वर्धा, वाशिम, नागपुर तथा भंडारा ज़िलों के विस्तृत क्षेत्र में बिखरे हुए हैं। संभवतः इस समय यादव साम्राज्य विस्तृत होकर नर्मदा के उस पार अथवा छत्तीसगढ़ प्रान्त तक न हुआ था और बालाघाट ज़िले में लाञ्जी तथा भीर, जहाँ हेमाडपंती मन्दिर मिले हैं, इस साम्राज्य के दो सीमान्त स्थान ही जान पड़ते हैं।

पृष्ठ २६ पर दिये गये मानचित्र में विदर्भ के अधिकांश हेमाडपंती मन्दिर-स्थान निर्दिष्ट कर दिये गये हैं। इन स्थानों में से लोणार, मेहेकर, साकेगाँव, धोतरा, बार्शी-टाकली, सिरपुर तथा सिंदखेड के मन्दिर स्थापत्य और शिल्प-कला की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं।

मध्यप्रदेश
स्केल
मील
नर्मदा नदी
रामटेक
लांजी
नांदगांव
बार्शी-टाकळी
अमरापुर
मेहकर
लोणार
सिरपूर
उनकेश्वर
यादव साम्राज्य
यादव शिलालेख
यादव सिक्के
हेमाडपंती देवालय

हेमाडपंती मन्दिरों के संबंध में विशेष ध्यान देने योग्य बात यह है कि ये मन्दिर बड़ी बड़ी शिलाओं को काट-छाँटकर निकाले गये सुडौल प्रस्तर खण्डों को एक दूसरे पर रख कर बनाये गये थे और उनमें कहीं भी चूने का जोड़ नहीं है। मन्दिरों की भीतरी छतों पर प्रायः उभड़े हुए कमलाकृति चित्रित किये गये हैं। उनके खम्भे अधिकांशतः वर्गाकार हैं। कभी उन खम्भों के मध्यभाग घटाकार रखे गये हैं। मन्दिरों के चारों ओर सुंदर सुदृढ़ प्राकार और मन्दिरों की चारों दीवालों में आले बनाकर विविध प्रकार की मूर्त्तियाँ स्थापित की गई हैं। इन मन्दिरों में प्रायः शिव-मूर्त्तियों का बाहुल्य हैं। कुछ मंदिरों में देवी और विष्णु की मूर्त्तियाँ भी हैं। उन्हीं मन्दिरों में कहीं-कहा कुछ जैन मन्दिर भी हैं।

इन मन्दिरों से अतिरिक्त इन्हीं ढंग से बनी हुई धर्मशालायें, वापियाँ, मठों आदि के भव्य भवन भी उल्लेखनीय हैं और तत्कालीन स्थापत्य-कला के अच्छे उदाहरण हैं।

यादवों के राज्य-काल में महानुभाव-सम्प्रदाय, जो एक बड़ा सा धार्मिक सम्प्रदाय है, का धार्मिक आन्दोलन बड़ी तीव्र-गति से चला। इसके प्रवर्तक श्री चक्रधर थे, जो महाराज कृष्ण तथा रामचंद्र के समकालीन थे। इस सम्प्रदाय का साहित्य विशेष सांकेतिक लिपि तथा पूर्व मराठी भाषा में लिखा गया है। इनमें से एक ग्रन्थ में जो 'स्थान-पोथी' के नाम से प्रसिद्ध है, विदर्भ के महानुभाव स्थानों का भौगोलिक वर्णन दिया गया है।

यादव राजाओं के सोने के सिक्के मध्य प्रदेश के यवतमाल ज़िले में कलम्ब नामक स्थान से प्राप्त हुए हैं।

(८) धार्मिक जीवन

बौद्ध-धर्म

बौद्ध धर्म जो अब मध्य प्रदेश में पूर्णतया समाप्त सा हो चुका है, शातवाहन काल में अपनी सामान्य उन्नत दशा में था। यह बात त्रिपुरी की खुदाई से प्राप्त दूसरी शताब्दी के बौद्ध-विहारों तथा तत्कालीन पातुर और भाँदक में स्थित गुफ़ाओं द्वारा स्पष्ट होती है। ईसा की पाँचवीं तथा छठवीं शताब्दी के पश्चात् बौद्धों की महायान शाखा के अनुयायियों की संख्या सबसे अधिक हो गई। सिरपुर, तुरतुरीया, तेवर, गोपाल-पुर, तिल्वारा घाट, भेड़ाघाट तथा डुग आदि स्थानों से अवलोकितेश्वर, पद्मपाणि, बोधिसत्व, तारा आदि मूर्त्तियाँ प्राप्त हुई हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि उस समस्त प्रान्त में बौद्ध धर्म की महायान शाखा का पर्याप्त प्रचार था।

लगभग ६०० ईसवी में महाशिवगुप्त लिखित मल्लार ग्राम से प्राप्त एक दान पत्र में तरडंशक नामक स्थान में स्थित एक बौद्ध-विहार को ग्राम दान दिये जाने का उल्लेख है। यह अनुमान किया जाता है कि यह स्थान बिलासपुर ज़िले के अन्तर्गत, मल्लार की ईशान्य दिशा में ११ मील पर स्थित आधुनिक तरोड नामक ग्राम हो सकता है। किन्तु इस का निश्चय ठीक तरह से अभी तक नहीं हुआ है।

सातवीं शताब्दी के पश्चात् कल्चुरि-काल के अनन्तर मध्यप्रदेश में बौद्ध धर्म की इतिश्री हो गई।

सिरपुर में प्राप्त कनकावेष्ठित पीतल की बौद्ध मूर्त्तियाँ अपने असाधारण कला कौशल के कारण महत्त्व रखती हैं। यह उल्लेखनीय है कि इन मूर्त्तियों पर तिब्बती प्रभाव स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है।

जैन केन्द्र

धार्मिक तीर्थ-यात्रा के कई महत्त्वपूर्ण जैन केन्द्रों में से कारंजा, मुक्तागिरि, रामटेक, कुण्डलपुर, खोलपुर, बरेठा और मेहेकर मुख्य हैं। कल्चुरि समय की बहुत सी जैन मूर्त्तियाँ तो मध्य प्रदेश के उत्तरी भाग में मिलती हैं, किन्तु पाण्डव तथा पाण्डवोत्तर–काल की जैन मूर्त्तियाँ छत्तीसगढ़ में फैली हुई हैं। साथ ही यादव-कालीन जैन मूर्त्तियाँ विदर्भ से उपलब्ध होती है। उपरिनिर्दिष्ट काल केवल साधारण अनुमान पर आधारित है। यह निश्चित है कि अबतक की गवेषणा से मध्य प्रदेश में जो प्राचीनतम जैन मूर्त्तियाँ प्राप्त हुई हैं, वे ६०० ई० से और पहिले की नहीं हैं। जो जैन मूर्त्तियाँ प्राप्त हुई हैं, वे प्रायः वर्धमान महावीर, पार्श्वनाथ, चन्द्रप्रभ, मल्लिनाथ, अजितनाथ, ऋषभनाथ तथा उनकी शासन देवताओं की प्रस्तर मूर्त्तियाँ हैं। अकोला के निकट राजनापुर खिंखिणी तथा मुक्तागिरि के मन्दिरों से प्राप्त पार्श्वनाथ और शान्तिनाथ की धातु मूर्त्तियाँ, जो अब नागपुर संग्रहालय में संरक्षित हैं, पुरातत्त्व एवं कला संबंधी विशेषताओं की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं।

प्राचीन देवालयों में विदर्भगत सिरपुर (ज़िला : अकोला) नामक ग्राम में स्थित अंतरिक्ष पार्श्वनाथ का हेमाडपंती मन्दिर, तथा मण्डला ज़िले में कुक्करमठ नामक देवालय उल्लेखनीय हैं।

वैदिक धर्म

इतिहास के प्रारम्भ से ही प्रायः सभी भारतवर्ष में वैदिक धर्म का प्रभाव चलता रहा जैसा आजतक जारी है। मध्य प्रदेश भी इसका अपवाद नहीं है। प्रायः प्रत्येक ग्राम में देवालयों, मूर्त्तियों आदि द्वारा इस धर्म के कतिपय अवशेष अवश्यमेव प्राप्त होते हैं। सुपरिचित होने से इसके संबंध में विस्तारपूर्वक विवरण करने की आवश्यकता नहीं है किन्तु विहंगम दृष्टि से निम्नलिखित बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

मध्य प्रदेश में प्रायः शैव तथा वैष्णव पंथों का जनता द्वारा समादर प्राचीन काल से होता रहा है। धर्म के विकास की दृष्टि से यहाँ मौर्य-काल से संबंधित सम्राट् अशोक के रूपनाथ लेख, जो बौद्ध धर्म सूचक हैं, के अतिरिक्त अन्य सामग्री विशेष रूप से उपलब्ध नहीं हुई है। शातवाहन काल से संबंधित लेखों में सकती राज्य गत गुंजी स्थान से प्राप्त प्रस्तर लेख शैव पंथ सूचक है; तथा बुढ़ीखार में प्राप्त नये शिलालेख, जो ईसा की दूसरी शताब्दी में उत्कीर्ण हुआ था, में वैष्णव देवालय का उल्लेख मिलता है। यह देवालय भारत में बहुत प्राचीन सा माना जाता है। इसी समय का भार शासक भगदत्त का पवनी लेख भगवत्पादुकाओं का उल्लेख करता है, जिनके द्वारा संभवतः भगवान् विष्णु की पादुकाओं का बोध होता है। यह बात उल्लेखनीय है कि पादुकाओं की पूजन-प्रणाली का यह मध्य प्रदेश में सर्व प्रथम उल्लेख है। इस प्रणाली का अन्य उल्लेख वाकाटक लेखों में विष्णु तथा राम की पादुकाओं के विषय में प्राप्त होता है।

गुप्तों के समय से विष्णु के वराह–अवतार रूप में पूजन की प्रथा एरण तथा भारत के अन्य भागों में सम्प्राप्त मूर्त्तियों तथा देवालयों के द्वारा दिखाई पड़ती है। इसका अनुसरण कल्चुरि काल में भी होता रहा और कारीतलाई, मझोली, रीठी, बिल्हरी, पनागर, नोहटा, मदनपुर तथा हरदा आदि क्षेत्रों से प्राप्त विशालकाय वराह मूर्त्तियाँ इस विषय के उत्कृष्ट उदाहरण है।

वाकाटक-काल के एक लेख द्वारा विदर्भगत एक सूर्य मन्दिर का पता चलता है। कल्चुरि काल में रत्नदेव के समय में उनके सामन्त वल्लभराज द्वारा सूर्य-पुत्र रेवन्त के मंदिर के निर्माण का उल्लेख पाया जाता है। संभवतः भारत वर्ष में यह अकेला ही उदाहरण है जिसमें रेवन्त के मंदिर का उल्लेख मिला है। किंतु यह

बात उल्लेखनीय है कि रेवन्त की कल्चुरि कालीन एक प्रस्तर मूर्ति रीवाँ राज्य में मनोरा नामक ग्राम से प्राप्त हुई हैं। ताँबे की एक मूर्ति त्रिपुरी से भी प्राप्त हुई थी जो अभी नागपुर में श्री पण्डित जी के संग्रह में है।

कल्चुरियों के समय में पाशुपत पंथियों को राजाश्रय मिलने से भेड़ाघाट में ६४ योगिनियों के विशाल वृत्ताकार देवालय का निर्माण हुआ था। पुरातत्व के लिये मध्य प्रदेश में यह एक अपूर्व वस्तु है। भारतवर्ष में केवल ऐसे चार या पाँच देवालय ज्ञात हैं, जिनमें से खजुराहो, राणीपुर झरियाल तथा कोईमतूर के अन्य देवालय उल्लेखनीय हैं।

देवियों की असंख्य मूर्तियाँ मध्य प्रदेश में उपलब्ध होती हैं। कतिपय मूर्तियाँ, उनके निचले आसन पर दिये हुए नाम के कारण अच्छी तरह से पहचानी जाती हैं। किंतु उनका शिल्प-शास्त्रीय अथवा ग्रांथिक विवरण कहीं नहीं मिल सकता। इसका उत्कृष्ट-उदाहरण मध्य प्रदेश में कुछ अज्ञात स्थल से प्राप्त और संप्रति जबलपुर महाविद्यालय में संरक्षित "श्री कल्याणीदेवी" की मूर्ति है। इसी प्रकार खाण्डवा में पद्मकुण्ड नामक स्थान पर कई मूर्तियाँ उपलब्ध हैं जिनके नाम निचले आसन पर खुदे हुए हैं।

मान्धाता में एक देवालय विष्णु के २४ अवतार वाली मूर्त्तियों के लिये प्रसिद्ध है। चाँदा के समीप मार्कंडी में स्थित देवालयों का समूह शिल्प कला का उत्कृष्ट उदाहरण है।

ईंटों के देवालयों के विषय में पहिले ही वर्णन किया जा चुका है। ये मंदिर भारतवर्ष भर में प्रायः बहुत कम मिलते हैं।

सुव्यवस्थित गवेषणा के अभाव से यहाँ-वहाँ बिखरी हुई यह मौलिक सामग्री अभी तक अज्ञात सी ही रही है।

(९) गुफ़ायें

पृष्ठ ३० पर में दिये हुए मानचित्र से मध्यप्रदेशान्तर्गत गुफ़ाओं का बोध होता है। ऐसी गुफ़ायें २५ के लगभग हैं। परन्तु यह सूची पूर्ण नहीं है। यहाँ कितनी ही प्रागैतिहासिक गुफ़ाओं और गह्वरों का इसलिये उल्लेख नहीं किया गया है क्योंकि उनके विषय में पाहिले कथन किया जा चुका है।

अद्यावधि ज्ञात गुफ़ायें नागपुर, चाँदा, भण्डारा, बैतूल, होशंगाबाद, बिलासपुर, अकोला, बुलढाणा तथा यवतमाल जिलों में हैं और सागर, मण्डला, जबलपुर, छिन्दवाड़ा तथा सिवनी ज़िलों में इन गुफ़ाओं की स्थिति का कोई उल्लेख प्राप्त नहीं हुआ है।

ये गुफ़ायें अधिकांशतः नरम लाल पत्थर अथवा विन्ध्य चट्टानों से काटकर बनाई गई हैं। इन गुफ़ाओं की मूल स्थिति के निश्चय-ज्ञान के लिये कोई साधन नहीं है। यद्यपि ज़िलों के गज़ेटियरों में थोड़ा बहुत वर्णन प्राप्त होता है, तथापि उनके प्रयोजन तथा रचना-काल के संबंध में कुछ नहीं कहा जा सकता। ज्ञात गुफ़ाओं के निकट चूँकि आज भी मेले लगते हैं, इसलिये इन गुफ़ाओं की कुछ महत्ता अद्यापि अवशिष्ट है। ऐसी स्थिति में भी यह निश्चय नहीं किया जा सकता कि इन गुफ़ाओं का किस धर्म-सम्प्रदाय तथा समाज से संबंध था।

मध्यप्रदेश
स्केल
मील
हरचोका
कोरबा
जांजगीर
सिहावा
होशंगाबाद
गुफाएँ

प्रागैतिहासिक गुफ़ाओं और गह्वरों के अतिरिक्त सरगुजा राज्य में रामगढ़ पहाड़ी की गुफ़ायें मध्य प्रदेश में सबसे पुरानी हैं और वे निस्सन्देह मौर्य-काल की हैं। भाँदक और अकोला ज़िले में पातुर की गुफ़ायें भी सातवाहन-काल की हैं। इन गुफ़ाओं का वर्णन पुरातत्त्ववेत्ता भली भाँति कर चुके हैं। मध्य प्रदेश की सीमा पर प्राचीन गुफ़ाओं में कारीतलाई के निकट शिलाहर गुफ़ाओं का उल्लेख किया जा सकता है, जिनमें दूसरी शताब्दी के लेख भी मिलते हैं।

यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता कि इन गुफ़ाओं में से किसी गुफ़ा को भी उन अर्थों में गुहा-मन्दिर (Cave temple) की संज्ञा प्रदान की जा सकती है, जिन अर्थों में अजन्ता, वेरूल आदि अधिकांश गुफ़ाओं तथा दक्षिण की वैसी अन्य गुहाओं को "गुहा-मंदिर" की संज्ञा दी गई है। इस संबंध में फिर से गवेषणा की नवीन रूप में आवश्यकता है।

(१०) दुर्ग

मध्य प्रदेश में अधिकांश दुर्ग या तो पठार पर स्थित हैं अथवा सपाट भूमि पर हैं। भारतवर्ष में जनरक्षा की दृष्टि से दुर्ग बहुत प्राचीन काल से ही महत्त्व रखते थे। दुर्गों का उल्लेख अष्टाध्यायी एवं कौटिलीय अर्थशास्त्र जैसे प्राचीन ग्रंथों में मिलता है। मौर्य-काल में सम्राट् अशोक के द्वारा निर्मित कराये गये दुर्गों के काष्ठ निर्मित तट (Palisade आधुनिक चबूतरा) पाटलिपुत्र तथा उज्जयिनी में उत्खनन द्वारा प्राप्त हुए हैं। भारत सरकार के पुरातत्त्व-विभाग की ओर से शिशुपालगढ़ के उत्खनन में ईसा की चौथी शताब्दी में निर्मित दुर्ग के ध्वंसावशेष प्राप्त हुए हैं। दसवीं शताब्दी के उपरान्त दुर्गों के निर्माण करने और कराने की परम्परा अधिक चलने लगी।

मध्य प्रदेश के प्राचीन दुर्गों के विषय में हम निश्चयपूर्वक कुछ नहीं कह सकते, किंतु बैरागढ़ आदि कई स्थानों के दुर्ग मध्ययुग-निर्मित से ज्ञात होते हैं। कलचुरि काल से अनेक दुर्गों के निर्माण कराये जाने के उल्लेख मिलते हैं। त्रिपुरी-उत्खनन से महाराज कर्ण के द्वारा निर्मित कराये गये दुर्ग के चिह्नों का पता चला है। इस काल के दुर्ग राहतगढ़, लोधिया, रतनपुर, सिरपुर तथा द्रुग में देखे जा सकते हैं। कलचुरि शासक दुर्ग निर्माण कराते समय प्राकृतिक-स्थिति से लाभ उठाने में विशेष पटु थे।

मध्य प्रदेश के अधिकांश दुर्ग बारहवीं शताब्दी के पश्चात् काल के हैं। विशेषतया चौदहवीं तथा सत्रहवीं शताब्दी के बीच के ही प्रतीत होते हैं। इन दुर्गों में कुछ दुर्ग तो (१) अति प्राचीन हैं और कुछ (२) मुसलमानों, (३) गोंडों, (४) स्थानीय राजपूत शासकों, डांगी मुखियों तथा (५) मराठा शासकों द्वारा निर्मित कराये गये दुर्ग आते हैं।

प्राचीन दुर्गों के विषय में हमारा ज्ञान बहुत ही कम हैं। शिलालेखादि के रूप में प्राप्त हुई सामग्री के आधार पर यह अनुमान किया जा सकता है कि कुछ दुर्ग प्राचीन काल में भी रहे होंगे किन्तु गवेषणा के अभाव से यह नहीं बताया जा सकता कि उनके प्राचीन भग्नावशेष निश्चित रूप से कहाँ मिल सकते हैं। सामान्यतया प्राचीनतम दुर्गों के मूल स्वरूप परवर्त्ती शासकों के द्वारा प्रायः परिवर्त्तित कर दिये जाते थे। अतएव उनके उन मूल रूपों का निश्चितीकरण नहीं किया जा सकता। मुसलमान कालीन दुर्गों में ऐसा परिवर्त्तन बहुत ही कम हुआ है। प्रायः उनमें से अधिकांश दुर्गों के तत्कालीन साहित्य तथा इतिहास के

मध्यप्रदेश
स्केल
मील
दुर्ग
मुसलमान
गोण्ड
मराठा
अन्य
जोगा
बागरा
अटनेर
देवगढ
आदेगांव
उमरेड
दमोह
रामनगर
सोनसार
रतनपूर
बिलासपूर
कोटगढ
लाफागढ
पेण्ड्रा
कोसगई
अमरगढ
बिलैगढ
गढझलार
हौंगरगांव
डोंडी
सोरार
बालोद
सैरिपार
टिपगढ
चांदा
मांदक
खटोरा
प्रतापगढ
भिवगढ
पारसिवनी
अकोला
नरनाळा
बाळापूर
गाविलगढ
असिरगढ
बऱ्हाणपूर
रेहली
देवरी
सिंगोरगढ
मदनमहल
चौरागढ
मगरधा
विजयराघोगढ
गढाकोटा
झांजी
धमदा
रायपूर
मल्हार
पौनी
कारोली
बडनेरा
नाचणगांव
सोनेगांव
देऊळवाडा

ग्रंथों में उल्लिखित होने, तथा उनके प्रत्यक्ष निरीक्षण करने और अन्य शिलालेखादि से उनके समय तथा उनमें गये किये परिवर्तनादि का ज्ञान प्राप्त होता है। दुर्गान्तर्गत अन्य भवनों, मसजिदों इत्यादि के उल्लेख भी उन शिलालेखों में मिलते हैं जो इतिहास-रचना के लिये अत्युपयुक्त हैं।

मुसलमान शासकों अथवा उनके समकालीन अन्य अधिकारियों के द्वारा निर्मित कराये गये दुर्ग मध्य प्रदेश में पश्चिमी तथा उत्तरीय ज़िलों में अद्यापि विद्यमान हैं। इनमें से विदर्भगत बल्हाणपुर, गाविलगढ़, नरनाला, असीरगढ़, बालापुर, खेरला आदि स्थानों के दुर्गविशेष प्रमुख हैं। उत्तरी ज़िलों में खिमलासा, राहतगढ़, मालथोन, बटीहागढ़ आदि अन्य दुर्ग-स्थान हैं। इन्हीं दुर्गों में तत्कालीन मुसलमान शासक गुप्त राजनैतिक मंत्रणायें, युद्ध-संधियाँ तथा अन्य शासन-कार्य करते थे।

मराठा शासकों के दुर्गों में मुसलमान कालीन दुर्गों का ही अनुकरण दिखाई पड़ता है। वे कतिपय छोटे दुर्ग सिर्फ़ मिट्टी की दीवालों से बनाते थे, जिसको 'गढ़ी' संज्ञा दी जाती थी। ऐसी गढ़ीयाँ भी मध्य प्रदेश में कुछ स्थान-विशेष पर अवशिष्ट हैं।

अभी तक प्राप्त सामग्री के आधार पर इतना ही बतलाया जा सकता है कि गोंड शासक दुर्ग बनाते समय छोटी छोटी पक्की ईंटों का उपयोग बहुत करते थे और चुने का उपयोग भी उनके द्वारा निर्माण कराये गये भवनों में बहुत होता था। प्राकृतिक स्थिति का लाभ उठाने में गोंड शासक पटु थे। किन्तु उनकी स्थापत्य कला में मुसलमान दुर्गों के समान भव्यता तथा कला-दृष्टि का अभाव सा ज्ञात होता है।

प्राप्त परिस्थिति के अनुसार दुर्गों की संख्या मुसलमान-काल के पश्चात् घटती जाती दिखाई पड़ती है। आज के समय में उनकी उपयोगिता नष्ट होने से प्रायः सभी दुर्ग उजाड़ तथा उनके खण्डहरों में वन्य श्वापदों के निवासस्थान जैसे बने रहे मालूम होते हैं। स्थापत्य-कला, आत्मरक्षा का प्रबल साधन इत्यादि दृष्टि से इन दुर्गों के अध्ययन तथा रेखा-मापन आदि होने की आवश्यकता प्रतीत होती है। चूँकि कालान्तर में उनमें अधिकांश स्थानों के नष्ट होने का बहुत भय है।

संक्षेपों का विवरण

Ancient India : Bulletin of the Archæological Survey of India.
AR, ASI., : Annual Report, Archæological Survey of India.
ASR., : Cuningham. Archæological Survey Reports, (Vol. I–XXV).
CAI. : Cuningham, Coins of Ancient India.
CMI. : Cuningham, Coins of Mediaeval India
CII : Corpus Inscriptionum Indicarum, (Vols. I–IV).
CIC, BM. : Catalogue of Coins in the British Museum
Epi. Ind., : Epigraphia Indica, (Vol. I–XXVIII)
IHQ., : Indian Historical Quarterly
Ind. Ant., : Indian Antiquary
JAHRS : Journal of the Andhra Historical Research Society
JASB : Journal of the Asiatic Society of Bengal
JBBRAS : Journal of the Bombay Branch of the Royal Asiatic Society
JBORS : Journal of the Bihar and Orissa Research Society.
JBHU : Journal of the Benaras Hindu University.
JIH. : Journal of the Indian History.
JNSI., : Journal of the Numismatic Society of India. (Vol. I–XX)
JRAS., : Journal of the Royal Asiatic Society of Great Britain.
MASI., : Memoirs of the Archæological Survey of India
Mediæval Temples : Cousens, Mediæval Temples of the Dakhan.
New Ind. Ant., : New Indian Antiquary, (Vol. I–X)
NUJ. : Nagpur University Journal (Vol. I–XII)
PR. ASI. WC., Progress Report, Archæological Survey of India,
Western Circle, Poona.
PRASB., : Proceedings of the Asiatic Society of Bengal.
RGSI., : Records of the Geological Survey of India.

कझिन्स–सूची : Cousens. List of Antiquarian Remains in C P. and Berar.
गॅझ़ेटियर : Gazetteers of the Districts in C P.
द. म. इ. सा. : दक्षिणच्या मध्ययुगीन इतिहासाचीं साधनें, खण्ड १–४
भा. इ. सं. मं. त्रै. : भारत इतिहास संशोधक मण्डल पुना का त्रैमासिक.
भाण्डारकर सूची : List of Inscriptions in Northern India,
Appendix to Epigraphia Indica, Vol. XIX–XXIII
सरकारी नाणक सूची : Lists of Treasure Trove coins published by Govt
of C. P.
हीरालाल सूची : Hiralal, Descriptive List of Inscriptions in C. P. and Berar
2nd Edition.

मध्यप्रदेश के पुरातत्त्वोपयोगी साहित्य की सूची

→ → →

१ इतिहासपूर्व काल

(१) पुराने अश्मयुग के हथियार

(Palæolithic Implements)

इस समय मध्य प्रदेश में प्रागितिहास के अध्ययन की सामग्री बहुत बिखरी हुई है, किन्तु विशेष अभ्यास के लिये देखियेः—

ब्राउन : Catalogue of the Pre-historic Antiquities in the Indian Museum, 1917.

Records of the Geological Survey of India, VI, 1873.

डी टेरा–पेटरसन : Studies in the Ice Age etc; 1939.

Proceedings, A.S B., 1867, pp. 142-148.

अध्ययन के लिये विशेष साहित्य

घोष : Prehistoric Exploration in India, IHQ., XXIV (1948), p. 1-18

कृष्णस्वामी : " Stone Age in India " Ancient India, No. 3, pp 11-57.

स्विनी : Notes on Jabalpur Neoliths, Proc. ASB., 1865, pp. 77-80

ब्लॅनफोर्ड : Notes on Jabalpur Neoliths, PRASB, 1866, pp. 230-34.

कैरे : Proceeding, ASB. 1866, pp. 135-36.

ली मेसुरीये : P R A S B. 1861, pp. 81-85.

मिश्र : On some stone Implements from Hoshangabad, Proceedings of the Indian Academy of Sciences, X, 4. (Oct. 1939), pp. 275-285.

ब्रूस फूट : Catalogue of Pre-historic Antiquities, Notes on their Age and distribution, Madras. 1921.

निम्नलिखित संग्रहालयों में मध्य प्रदेश से प्राप्त प्रागैतिहासिक काल के प्रस्तरास्त्र संगृहीत हैं।

संग्रह : (कोष्ठक में हथियारों की संख्या निर्दिष्ट है)

कलकत्ता : इंडियन–म्यूज़ियम [चित्रफलक १, क्र. १]

भुतरा (१), केडलारी (१), देवरी (६), बुरघाना (५), सिंग्रामपुर (२), बुरखेरा (१), दमोह (२), सिंघणपुर (६), खैर (१), परसोरा (१), ढोकी (१), चाँदा (१)

केम्ब्रिज : नर्मदा तट पर होशंगाबाद के समीप से प्राप्त (२३)

बनारस-हिंदू-विश्वविद्यालय : होशंगाबाद (६)

नागपूर-संग्रहालय : कलमेश्वर (१), नवेगाँव (१)

सागर-विश्वविद्यालय : देवरी (२), दुहारनाला (२)

गार्डन-संग्रह : भेड़ाघाट (२)

मद्रास-संग्रहालय : ब्रूस फूट का संग्रह (१८) क्र. ४०५५-४०७३

येल–केम्ब्रिज–अभियान द्वारा होशंगाबाद और नरसिंहपुर के बीच के १३ स्थलों की जाँच की गयी थी। इन स्थानों में होशंगाबाद के निकटवर्ती ७ क्षेत्र, तथा उमरिया, बर्मनघाट, झाँसीघाट इत्यादि के स्थल प्राचीन हथियारों के लिये विशेष महत्त्व-पूर्ण हैं। इनमें से प्राप्त प्रमुख सामग्री नीचे उद्धृत की जाती है। De Terra & Paterson, op-cit, pp 313-326.

स्थल ४	४ अॅबीव्हिलियन कुल्हाड़ियाँ (Plate XXXII, A)
	४ फ्लेक्स (Flakes)
	३ फ्लेक्स (Flakes)
स्थल ५ (आदमगढ़)	कुछ हाथ की कुल्हाड़ियाँ
